

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 26 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-326 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## मंत्री के जवाब से नाराज विपक्ष का वॉकआउट

# आदिवासी नेता की मौत पर सदन में हंगामा



**रायपुर,26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज कांकेर जेल में आदिवासी नेता की मौत का मामला गूंजा। विपक्ष इसे साजिश बताते हुए इसकी जांच सदन की कमेटी से कराने की मांग की। इसके लिए गृहमंत्री तैयार नहीं हुए जिससे असंतुष्ट होकर सभी कांग्रेस विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन की कार्यवाही से वॉकआउट कर दिया। बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के भूपेश बघेल ने साल भर में प्रदेश के जेलों में बंदियों की मौतों की जानकारी मांगी। उन्होंने विशेष रूप से कांकेर जेल में आदिवासी नेता जीवन ठाकुर और कवर्धा जेल में बंद पंकज साहू की मौत पर सवालों की झड़ी लगा दी। जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने साल भर में जेलों में 66 बंदियों की मौत की जानकारी देते हुए जीवन ठाकुर के मौत की मजिस्ट्रियल जांच की जानकारी सदन को दी। इस अविश्वास जताते हुए भूपेश बघेल ने इसकी जांच विधानसभा की समिति से कराने की मांग की जिसके लिए विभागीय मंत्री तैयार नहीं हुए। इससे नाराज़ होकर विपक्ष के सभी सदस्य खड़े होकर नारेबाजी करने लगे परंतु इसका गृहमंत्री पर कोई असर नही हुआ। अंततः पूरे विपक्ष ने वॉकआउट कर अपना विरोध दर्ज कराया।

### ड्रग पैडलर नव्या मलिक का नाम सदन में गूंजा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रदेश में ड्रग तस्करी का मुद्दा उठा. बहुचर्चित ड्रग पैडलर नव्या मलिक का नाम सदन में गूंजा. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंभीर आरोप लगाए. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल उठाया कि बहुचर्चित ड्रग पैडलर नव्या मलिक का नाम आरोपियों की सूची से गायब है. प्रश्न के उत्तर में दी गई जानकारी में नव्या मलिक का नाम क्यों नहीं है? आखिर नव्या का नाम क्यों छुपाया गया? इसके लिए जिम्मेदार कौन है? क्या इस लापरवाही पर कोई कार्रवाई होगी? इस पर मंत्री ने कहा मुझे इसकी जानकारी नहीं है, परीक्षण करा लेंगे.

### भूपेश बघेल ने उठाया प्रदेश में कस्टोडियल डेथ का मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गृह मंत्री विजय बघेल को घेरते हुए प्रदेश में कस्टोडियल डेथ का मुद्दा उठाया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से सवाल किया कि जनवरी, 2025 से 31 जनवरी, 2026 की अवधि में राज्य के जेलों में कितनी अस्वाभाविक मृत्यु हुई हैं? उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि जनवरी, 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की अवधि में राज्य की केन्द्रीय एवं जिला जेलों में कुल 66 बंदियों की मृत्यु हुई है.

### 1496 इनामी सहित 2937 नक्सलियों ने किया है आत्मसमर्पण

**रायपुर,26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन नक्सलियों के सरेंडर और नक्सल पुनर्वास का मुद्दा उठा. कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के सवालों का गृह मंत्री विजय शर्मा ने आंकड़ों के साथ जवाब दिया. कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने सवाल किया कि नक्सल पुनर्वास नीति क्या है? 2023 से अब तक अब तक कितने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया? इनामी नक्सलियों में से किन-किन को राशि दी गई कितनी देना बाकी है? इस पर जवाब देते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने सदन में बताया कि 9 फरवरी 2026 तक 1496 इनामी नक्सलियों को मिलाकर कुल 2937 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.उन्होंने बताया कि पुनर्वास नीति के तहत अब तक प्रारंभिक राशि के तौर पर नक्सलियों को 5 करोड़ 64 लाख रुपए दी गई है. ईनाम की 49 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि दिया जाना शेष है. सरेंडर करने वाले नक्सलियों को राशि दे रहे हैं, जिसे 3 साल बाद वे बैंक से पैसे निकाल सकेंगे.

### इंस्टाग्राम पर मोदी के 10 करोड़ फॉलोअर्स

**नई दिल्ली,26 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन (10 करोड़) फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही वे इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के पहले राजनीतिक नेता बन गए हैं। पीएम मोदी ने वर्ष 2014 में इंस्टाग्राम जॉइन किया था और तब से वे लगातार इस प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं। इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में पीएम मोदी कई बड़े वैश्विक नेताओं से काफी आगे हैं: डोनाल्ड ट्रम्प – 43.2 मिलियन फॉलोअर्स प्रबोवो सुबियांटो– 15 मिलियन फॉलोअर्स,लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा – 14.4 मिलियन फॉलोअर्स,रेसेप तैय्यप एर्दोगन – 11.6 मिलियन फॉलोअर्स इन पांच बड़े नेताओं के कुल फॉलोअर्स मिलाकर भी पीएम मोदी के अकेले फॉलोअर्स की संख्या से कम हैं।

### गणेश शंकर मिश्रा बने नीति आयोग के उपाध्यक्ष

**रायपुर, 26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी



गणेश शंकर मिश्रा को राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार, उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। नियुक्ति से संबंधित सेवा शर्तें पृथक से जारी की जाएंगी। यह आदेश योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की ओर से जारी किया गया है।

### पुस्तक पर सुको सख्त,बिना शर्त माफी स्वीकार नहीं

**नई दिल्ली,26 फरवरी।** एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की विवादित चैप्टर 'करप्शन इन ज्यूडीशियरी' पर सीजेआई सूर्यकांत ने सख्त रुख अपनाया है. उन्होंने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि हम बिना शर्त माफी स्वीकार नहीं करेंगे. जांच होगी बुक कैसी छपी. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की किताब के उस चैप्टर पर भी बैन लगा दिया है. कोर्ट ने किताब की कॉपी के प्रकाशन और डिजिटल रूप से साझा करने पर रोक लगा दी है. साथ ही सुको ने फिजिकल कॉपी को जब्त करने का आदेश दिया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी रूप में कॉपी साझा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय के सचिव और एनसीईआरटी निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने का निर्देश दिया है। सीजेआई ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की एक गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की सोशल साइंस की बुक में भ्रष्ट ज्यूडिशियरी सिस्टम और पेंडिंग केस के बारे में बताया गया. आज की सुनवाई में सीजीआई ने कहा कि यह एक साजिश भी हो सकती है. हम बिना शर्त माफी अभी स्वीकार नहीं करेंगे. वरना भविष्य में कोई भी ऐसा करेगा. हम इस संस्थान की गरिमा को नुक़सान नहीं पहुंचने दे सकते.

## मुठभेड़ में वर्दीधारी दो नक्सली ढेर

**बीजापुर,26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां इंद्रावती नदी क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को ढेर किया है। वहीं घटनास्थल से हथियार, विस्फोटक और अन्य नक्सली सामग्री भी जब्त की गई है। इलाके में फिलहाल सर्च अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार, थाना जांगला क्षेत्र अंतर्गत इंद्रावती नदी इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी। इसी दौरान आज सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से फायरिंग हुई, जिसके बाद माओवादी जंगल की ओर भाग निकले। मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च अभियान में सुरक्षाबलों को दो वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद हुए हैं। साथ ही घटनास्थल से एक एसएलआर राइफल, एक इंसास राइफल, एक 12 बोर राइफल, विस्फोटक सामग्री और अन्य नक्सली सामान भी जब्त किया गया है। इस मुठभेड़ की पुष्टि पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने की है।

### एके-47 के साथ महिला नक्सली का सरेंडर

**कांकेर।** बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे उन्मूलन अभियान और पुलिस की 'पुनर्वास नीति' को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले में बीते 48 घंटों के भीतर तीसरे बड़े नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। ताजा मामले में, 8 लाख रुपये की इनामी महिला डिवीजनल कमेटी मेंबर मासे बारासा ने पुलिस के आला अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया है। आत्मसमर्पण की खास बात यह रही कि महिला नक्सली मासे बारासा अपने साथ एक एके-47 रायफल और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस लेकर पुलिस के पास पहुंची।

## मुश्किल में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

### नाबालिग बटुकों की मेडिकल रिपोर्ट में यौन शोषण की पुष्टि

**प्रयागराज,26 फरवरी।** सूत्रों के मुताबिक नाबालिग बटुकों से यौन शोषण के आरोप में घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ मेडिकल रिपोर्ट में कुकर्म की पुष्टि हुई है। पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। अग्रिम जमानत पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। नाबालिग बटुकों से कथित यौन शोषण के आरोपों में घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस द्वारा कराई गई मेडिकल जांच रिपोर्ट में पीड़ित दोनों नाबालिग बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि होने की बात सामने आई है। बुधवार को पुलिस ने दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया था। शिकायतकर्ता



आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी दावा किया है कि रिपोर्ट में यौन शोषण के संकेत स्पष्ट रूप से दर्ज हैं। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, मेडिकल रिपोर्ट को अहम साक्ष्य के तौर पर केस डायरी में शामिल किया जा रहा है। यदि जांच में आरोप पुष्ट होते हैं तो स्वामी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। गिरफ्तारी की आशंका के बीच स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस याचिका पर कल जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ में सुनवाई होनी है। अदालत में पुलिस मेडिकल रिपोर्ट और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों को प्रस्तुत कर सकती है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो पुलिस उन्हें किसी भी समय गिरफ्तार कर सकती है।यह मामला प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज है। स्वामी और उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी सहित अन्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि मामले की विवेचना जारी है और अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई अदालत के निर्देश और जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

## हाईकोर्ट ने माना स्कूल परिसर में जबरन घुसना अपराध

**बिलासपुर,26 फरवरी।** स्कूल कैंपस को 'प्रॉपर्टी की कस्टडी की जगह' माना जाता है, जहां स्कूल का फर्नीचर और एजुकेशनल एसेट्स रखे जाते हैं। इसलिए यह इंडियन पैनल कोड के तहत घर में घुसने का अपराध बन सकता है। इस फैसले के साथ ही हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल ने इंडियन पैनल कोड की धारा 452 (चोट, हमला या गलत तरीके से रोकने की तैयारी के बाद घर में घुसना); धारा 442 (घर में घुसने की परिभाषा) और धारा 441 (क्रिमिनल ट्रेसपास) की विस्तृत व्याख्या अपने फैसले में की है। कोर्ट ने कहा है कि इन तीनों धाराओं को मिलाकर पढ़ने से यह साफ पता चलता है कि जो कोई भी किसी बिल्डिंग, टेंट या बर्तनों में घुसकर क्रिमिनल रूप से ट्रेसपास करता है, जो इंसानों के रहने की जगह के तौर पर इस्तेमाल होती हैं या किसी ऐसी बिल्डिंग में जो पूजा की जगह या प्रॉपर्टी की कस्टडी के तौर पर इस्तेमाल होती हैं, उसे हाउस ट्रेसपास कहा जाता है। हाउस ट्रेसपास के लिए तीन अलग-अलग चीज़ें हैं यानी (i) कोई भी बिल्डिंग जो इंसानों के रहने की जगह के तौर पर इस्तेमाल होती है, (ii) कोई भी बिल्डिंग जो पूजा की जगह के तौर पर इस्तेमाल होती है और (iii) कोई भी बिल्डिंग जो प्रॉपर्टी की कस्टडी के तौर पर इस्तेमाल होती है। स्कूल की बिल्डिंग निश्चित रूप से इंसानों का रहने का घर या पूजा की जगह नहीं हो सकती, लेकिन इसे प्रॉपर्टी की कस्टडी के लिए एक जगह माना जा सकता है, जहां स्कूल का फर्नीचर और दूसरी एजुकेशनल संपत्ति सुरक्षित रखी जा रही है। दरअसल, याचिकाकर्ता विकास तिवारी एनएसयूआई सदस्य ने कथिततौर पर अपने साथियों के साथ कृष्णा किड्स एकेडमी की जगह में घुसकर गालियां दीं और महिला स्टाफ के साथ बदतमीज़ी की। इस पर स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर (शिकायतकर्ता) ने ऑफिशियल शिकायत दर्ज कराई। मामले की सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता के खिलाफ इंडियन पैनल कोड की धारा 452, 294 (अश्लील हरकतें) के साथ 34 (कॉमन इंटेंशन) के तहत आरोप तय किए। याचिकाकर्ता ने रिविजनल कोर्ट में ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद रिविजनल कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। इस फैसले को याचिकाकर्ता विकास तिवारी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वह सरकारी सर्कुलर और गाइडलाइन के खिलाफ स्कूल के गैर-कानूनी संचालन का विरोध कर रहा था। धारा 452 के तहत आरोप के खिलाफ तर्क देते हुए उसने कहा कि स्कूल "रहने की जगह" की परिभाषा में नहीं आता है, इसलिए उसके खिलाफ आरोप तय नहीं किया जा सकता।



**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की।**

## यूएन में भारतीय डिप्लोमेट अनुपमा सिंह ने पाक की निकाल दी हेकड़ी

**नई दिल्ली,26 फरवरी।** यूनाइटेड नेशंस की 55वीं बैठक में भारत ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। 25 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में हाई-लेवल सेगमेंट में भारत की ओर से राइट टू रिप्लाई का इस्तेमाल करते हुए भारतीय डिप्लोमैट अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन की बोलती बंद कर दी। उन्होंने दोनों को चेतावनी देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और आगे भी जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। बैठक में भारत ने पाकिस्तान और ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन की तरफ से जम्मू-कश्मीर पर उठाए गए मुद्दों पर तगड़ा पलटवार किया। भारत की फर्स्ट सेक्रेटरी अनुपमा सिंह ने साफ-साफ कहा कि पाकिस्तान की ये सारी बातें झूठी प्रोपेगैंडा हैं।

अनुपमा सिंह ने हाई-लेवल सेगमेंट में भारत की तरफ से राइट ऑफ रिप्लाई का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'हम पाकिस्तान और आईओसी के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं। आईओसी पाकिस्तान की कठपुतली




बन चुका है और उसके राजनीतिक फायदे के लिए आवाज उठा रहा है। पाकिस्तान का ये प्रोपेगैंडा जलन से भरा हुआ है। हम इसे ज्यादा तवज्जोह नहीं देना चाहते, लेकिन कुछ फैक्ट्स से इसे तोड़ेंगे। उन्होंने आगे बताया कि जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय पूरी तरह कानूनी था, जो 1947 के इंडियन इंडिपेंडेंस एक्ट और इंटरनेशनल लॉ के मुताबिक हुआ। ये कभी बदला नहीं जा सकता। असली समस्या पाकिस्तान का भारतीय इलाकों पर अवैध कब्जा है। भारत ने पाकिस्तान से अपील की कि वो इन इलाकों को खाली करे।

अनुपमा सिंह ने जम्मू-कश्मीर में हो रहे विकास का जिक्र करते हुए कहा कि अगर चिनाब रेल ब्रिज, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है और पिछले साल इसका उद्घाटन हुआ, फेक है तो पाकिस्तान या तो भ्रम में है या 'ला ला लैंड' में जी रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून 2025 को इस ब्रिज का उद्घाटन किया था, जो चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर बना है और एफिल टावर से भी 35 मीटर ऊंचा है। यह ब्रिज कश्मीर को भारत की रेल नेटवर्क से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर का विकास बजट हाल ही में पाकिस्तान की ओर से IMF से मांगे गए बेलआउट पैकेज से दोगुना से ज्यादा है।

## बारूद से भरा ट्रक ट्रांसफार्मर से टकराया

**भिलाई,26 फरवरी।** दुर्ग जिले के भिलाई-3 क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। रायपुर



की ओर जा रही बारूद से लदी एक ट्रक (TS 05 UB 2355) अनियंत्रित होकर बिजली के ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सर्विस रोड पर उतर गई और उसके केबिन में भीषण आग लग गई। घटना तड़के करीब 2.20 बजे की है। ट्रक में भारी मात्रा में विस्फोटक (बारूद) भरा होने के कारण क्षेत्र में बड़े विस्फोट का खतरा मंडरा रहा था। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग से दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दमकल कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर केबिन के भीतर लगी आग को बुझाया। यदि आग बारूद तक पहुँच जाती, तो पूरा इलाका दहल सकता था। पुलिस और दमकल विभाग की मुस्तैदी से एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया गया है। आग बुझाने के बाद ट्रक को सावधानीपूर्वक भिलाई-3 थाने में खड़ा करवाया गया है।

# संकल्प के साथ आगे बढ़ता छत्तीसगढ़, जनकल्याण और विकास का बजटःचंदप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,26 फरवरी।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत बजट वर्ष 2026-27 पर अपनी विस्तृत प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकासोन्मुखी, जनकल्याणकारी एवं संतुलित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के हर वर्ग, किसान, युवा, महिला, व्यापारी एवं शहरी-ग्रामीण नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि ''संकल्प'' थीम पर आधारित छत्तीसगढ़ का बजट प्रदेश के समग्र एवं सतत विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है यह बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य निर्माण का दृढ़ संकल्प है। प्रस्तुत बजट के अनुसार चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि कवर्धा से खम्हरिया मार्ग तक सड़क उन्नयन व चौड़ीकरण कार्य हेतु 23 करोड़ का प्रावधान, कबीरधाम जिले के पण्डरिया में नालंदा परिसर का निर्माण, सुतियापाट से ठाठापुर तक पेयजल आपूर्ति हेतु 50 करोड़ का प्रावधान, इसी तरह नगरोत्थान योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना अंतर्गत नगर पालिका, नगर पंचायतों को शामिल करने हेतु दो सौ करोड का प्रावधान किया गया। इसके अतिरिक्त कबीरधाम जिला में स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, पेयजल व अन्य क्षेत्रों में कार्य किये जाने हेतु बजट में प्रावधान किया गया है।

## बजट में विकसित छत्तीसगढ़ की तैयार की गई है रूपरेखा, ऐतिहासिक एवं सर्वसमावेशी बजटःसांसद संतोष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,26 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के नए विधानसभा भवन में प्रस्तुत तीसरे बजट को ऐतिहासिक एवं सर्वसमावेशी बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के इस बजट मे विकसित छत्तीसगढ़ की रूपरेखा तैयार की गई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस बजट में बस्तर से लेकर सरगुजा तक सरकार ने दिल खोलकर प्रावधान रखा है। किसान, युवा, महिला सभी को इस बजट का लाभ मिलेगा। प्रदेश की 3 करोड़ जनता के हितों को ध्यान में रखकर यह बजट प्रस्तुत किया गया है। छत्तीसगढ़ का यह बजट सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करेगा। जहाँ एक ओर महतारी वंदन और रानी दुर्गावती योजना से महिलाओं और बच्चियों का भविष्य सुरक्षित करने का प्रयास है, वहीं युवाओं के लिए उद्यम क्रांति जैसे कदम राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करेंगे। साय सरकार के पहले वर्ष के बजट की थीम 'ज्ञान' (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) थी। जबकि पिछले वर्ष के बजट की 'गति' (गुड गवर्नेस, एक्सीलैरैटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नॉलॉजी और इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ) की रणनीति अपनाते हुए इसे 'संकल्प' (समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अन्त्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक) की अवधारणा में बजट के मूल आधार स्तंभों का संयोजन किया गया है। महतारी वंदन योजना के लिए 8200 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रदेश की मातृशक्ति को सशक्त करने के लिए, प्रदेश के कृषि उन्नत योजना के तहत 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान इस बजट में रखा गया है। बस्तर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने सहित पूरे छत्तीसगढ़ के समुचित विकास की दृष्टि में यह बजट तैयार किया गया है।

## सेवा सहकारी समिति सांकरा में शेड निर्माण के भूमिपूजन पर सरपंच रवि सिंगौर ने माना आभार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,26 फरवरी। कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति सांकरा में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंगलवार 24 फरवरी को विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। उक्त निर्माण कार्य पर लगभग 19.13 लाख रुपये की लागत आएगीए जिससे क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज के भंडारण एवं विपणन में सुविधा मिलेगी।भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेलए सांसद दुर्ग लोकसभा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र कौशिक, जिला अध्यक्ष भाजपा ने किया। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती नीलम राजेश चन्दाकर सभापतिए जिला पंचायत दुर्गए श्रीमती कल्पना नारद साहू सभापति, जिला पंचायत दुग, कमलेश वर्मा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत पाटन, कमलेश चन्दाकर मंडल अध्यक्ष, पाटन, राजा पाटव सांसद प्रतिनिधि, राजेश चन्दाकर सांसद प्रतिनिधि जनपद पाटन, प्राधिकृत अध्यक्ष मनबोध साहू ,रवि सिंगौर सरपंच, ग्राम पंचायत सांकरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नौकरी के नाम पर ठगी,दो गिरफ्तार



**भिलाई,26 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 7 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को छावनी पुलिस ने मध्यप्रदेश के रींवा से गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के पास से प्रकरण से संबंधित दस्तावेज व नगदी रकम बरामद किया है छावनी पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सरोज पटेल (43 साल ) निवासी हनुमान मंदिर के पास प्रगति नगर, कैंप - 1 ने थाना छावनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी पायल पांडे एवं सिद्धमून उर्फ लाल पांडे निवासी प्रगति नगर कैंप - 1 ने प्रार्थिया के पुत्र पीयूष पटेल को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 7 लाख रुपए की राशि प्राप्त कर धोखाधड़ी की। रिपोर्ट पर थाना छावनी में मामले में धारा 318 (4), 296, 351(3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों के रींवा (मध्यप्रदेश) में होने की जानकारी मिली पुलिस टीम रवाना की गई दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना छावनी लाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किए जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शराब बेचते युवक गिरफ्तार



**भिलाई,26 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई शराब का कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा देवार बस्ती, रेलवे स्टेशन के पास अवैध रूप से देशी शराब रखकर बेचा जा रहा था। पुलिस दबिश देकर न्यू मार्केट देवार पारा, स्टेशन मरौदा, थाना नेवई निवासी विकाश तेलासी उर्फ अजीत को पकड़ा गया आरोपी से के कब्जे से 26 पाव देशी मदिरा मसाला, 4 पाव प्लेन देशी मदिरा 5.400 बल्क लीटर बरामद किया गया। नगदी रकम 2920 रुपये जप्त किया है ।

### प्रतिबंधित टेबलेट सहित दो गिरफ्तार



**भिलाई,26 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई अवैध मदाक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तह भट्ठी थाने पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1650 नग प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 6 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है।भट्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि भट्ठी क्षेत्र के सेक्टर -1 स्थित पंप हाउस के पास दो व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से प्रतिबंधित मादक पदार्थ अल्प्राजोलम टेबलेट का परिवहन एवं विक्रय किए जाने की सूचना मिली सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घेराबंदी कर दोनों संदेहियों सागर सिंह राजपूत (21 साल ) निवासी वार्ड -18, सेक्टर - 3, व अतुल यादव (20 साल ) निवासी सेक्टर - 1 को पकड़ा गया तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 1650 नग प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद हुआ।

### बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण

**दुर्ग, 26 फरवरी।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद कुमार मिश्रा ने आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं का जायजा लेने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला निकुम (सेजस), तिरगा और अंडा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सहायक संचालक समृद्धि जोशी, राधिका यदु, अमल कुमार दुबे और जावेद कुरैशी का विशेष निरीक्षण दल भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने परीक्षा हॉल में जाकर बैठक व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की।

## रानीतराई के मेडिकल छात्र डॉ वर्णन चन्द्रवंशी का एम्स दिल्ली में डीएम न्यूरोलॉजी के चयन से अंचल में खुशी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,26 फरवरी।** रानीतराई निवासी विनयकांत चंद्रवंशी ,माता श्रीमती नंदनी चंद्रवशी के सुपुत्र डॉक्टर वर्णन चंद्रवाशी ने एमबीबीएस रायपुर एम्स से प्रवीण सूची में उत्तीर्ण होने के बाद एम डी मेडिसिन को गोल्ड मेडलिस्ट के साथ महात्मागांधी शासकीय मेडिकल महाविद्यालय इंदौर से उत्तीर्ण करने के बाद आगे की डिग्री के लिए अब डॉ. वर्णन का चयन एम्स दिल्ली में डी एम न्यूरोलॉजी में हुआ है।

डॉ वर्णन रानीतराई नगर के होनहार छात्र है जो नगर सहित अंचल का नाम रोशन करते एम डी मेडिकल की डिग्री प्रवीणसूची गोल्ड मेडलिस्ट के साथ लेने के बाद आज उनका चयन एम्स दिल्ली में डी एम न्यूरोलॉजी के लिए हुआ है जिससे रानीतराई नगर सहित अंचलवासी बहुत खुश है और आपने आप में गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं,।डॉ वर्णन के इस सफलता पर पिता विनय चंद्रवंशी, माता श्रीमती नंदनी चंद्रवंशी, डॉ नीलकांत चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच निर्मल जैन,भाजपा नेता धनराज साहू , कांग्रेस नेता वेदप्रकाश वर्मा ,जनपद सदस्य श्रीमती रश्मि वर्मा, जनपद सभापति कमलेश वर्मा, सरपंच रानी तराई सत्यनारायण टिकारीहा सहित परिवार व अंचल वासियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए है

## बेहतरीन है बजट-अशोक साहू निराशाजनक बजटःममता चंद्राकर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,26 फरवरी।** छत्तीगढ़ राज्य के बजट की तारीफ करते हुए पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा की ऐतिहासिक और बेहतरीन बजट है । युवाओं , महिलाओं , किसानों के हितों के अनुरूप बजट पेश किया गया है साथ ही कृषि , शिक्षा , स्वास्थ्य , रोजगार पर विशेष ध्यान दिया गया है । विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा तय करती है । पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा की बजट बहुत निराशा जनक है क्योंकि युवाओं के लिए रोजगार पर कोई ध्यान नहीं दिया गया ।

## हर्बल गुलाल के निर्माण से समूह आत्मनिर्भरता की ओर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी कबीरधाम ज़िले की महिला स्व सहायता समूह महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है।जनपद पंचायत बोडला के ग्राम राजा नवागांव की जय गंगा मैया स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदियों ने रंगोत्सव त्योहार होली के लिए हर्बल गुलाल का निर्माण किया है। महिला समूह ने हर्बल गुलाल के व्यवसाय से जुड़कर आजीविका के नए रास्ते खोले है। इस गतिविधि में 10 महिलाओं की प्रत्यक्ष भागीदारी है जो उनके आय का अच्छा स्रोत है। लाल, गुलाबी, पीले सहित अन्य रंगों और प्रकृति खुशबू से भरपूर हर्बल गुलाल बाजार में आने के लिए उपलब्ध है।इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर जिले की विभिन्न महिला समूह द्वारा हर्बल गुलाल का निर्माण किया जाता है। कलेक्टोरेट, सभी जनपद पंचायत कार्यालय एवं अन्य स्थानों पर उनके द्वारा स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल की बिक्री की जाती है। समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक होने के साथ-साथ बाजार में मिलने वाले अन्य रंगों की तुलना में सस्ता होता है। हर्बल गुलाल की पैकेजिंग बहुत आकर्षक है और यह उपहार देने के भी बहुत अच्छा है।हर्बल गुलाल अनेक रंगो के साथ अलग अलग मात्रा में पैकेजिंग सहित उपलब्ध है।गत वर्ष भी हमने देखा है कि समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाब को क्षेत्रवासियों ने बहुत पसंद किया है और इस व्यवसाय से जुड़कर हमारी ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। हर्बल गुलाल निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बहुत से समूह इसका निर्माण करते है। प्रत्येक समूह को इस व्यवसाय द्वारा 50 से 60 हजार रुपए का लाभ हो जाता है। हर्बल गुलाल की अच्छी गुणवत्ता और आकर्षक पैकिंग सभी को पसंद आती है। योजना से जुड़े मैदानी कर्मचारियों द्वारा समूह को मौसमी व्यवसाय करने के लिए प्रेरित करते हुए हर्बल गुलाल का निर्माण करने प्रोत्साहित किया जाता है। इसके निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल की उपलब्धता के लिए समूह को सहायता प्रदान की जाती है।

## पुलिस ने हेरोइन बेचने वाले 4 युवकों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 फरवरी।** दुर्ग पुलिस ने जिले में हेरोइन यानि चिट्टा का अवैध कारोबार करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस पूरे नेटवर्क को लक्ष्मण चौधरी उर्फ बुधिया और बॉबी नाम का सख्स 40 ग्राम सिंथेटिक हिरोइन (चिट्टा) लाए थे पंजाब से चला रहे थे छावनी थाने पुलिस ने एसीसीयू की टीम के साथ मिलकर कार्रवाई करते हुए आरोपियों से 6.89 ग्राम चिट्टा जब्त किया है। है कार्रवाई से पहले वो लोग 33 ग्राम से अधिक चिट्टा ग्राहकों को बेच चुके हैं। छावनी पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बैकुंठ धाम दशहरा मैदान कैम्प 2 के पास कुछ युवक सिंथेटिक हिरोईन (चिट्टा) बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम जवाहर नगर बॉम्बे आवास निवासी लक्ष्मण चौधरी उर्फ बुधिया, अटल आवास हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ भिलाई निवासी करन सिंह उर्फ टेटू उर्फ बॉबी, जवाहर नगर अटल आवास जामुल रविन्द्र सिंह और संग्राम चौक 18 नंबर रोड निवासी अयान अली बताया। आरोपियों के पास से युवकों ने बाइक, तीन मोबाइल और नगद 500 रुपए जब्त किया है। कुल सामानों की कीमत 1.48 लाख 500 रुपए का है आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है पुलिस पूछताछ में चिट्टा का स्रोत, पेडलर, कोरियर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है पंजाब से लाते थे चिट्टा पुलिस की पूछताछ में पता चला कि बॉबी और बुधिया इसके मास्टर माइंड है। बुधिया राजनेताओं से अच्छी पकड़ के चलते शहर का नेटवर्क देखता था और बॉबी को चिट्टा लाने पंजाब भेजता था 28 जनवरी को बॉबी पंजाब से 40 ग्राम चिट्टा लेकर भिलाई पहुंचा था। इससे पहले भी वो 3 बार पंजाब जाकर वहां से बड़ी मात्रा में चिट्टा लाकर शहर में खपा चुका है पुलिस का कहना है उनके पूरे नेटवर्क को पकड़ने के लिए वो आरोपियों से रिमांड में पूछताछ करेगी महादेव सट्टा चलाने के बाद नशे के कारोबार में उतरा आरोप है कि लक्ष्मण चौधरी उर्फ बुधिया पहले महादेव सट्टा चलाता था। उसका नाम पुलिस रिकार्ड में भी आ चुका है। वह लक्ष्मण ठगैंगस्टर और महादेव सट्टा चलाने के आरोपी दीपक नेपाली का करीबी है दीपक का भाई लुकेश भी कई बार चिट्टा बेचने और सेवन करने के आरोप में जेल जा चुका है लक्ष्मण उर्फ बुधिया एक विधायक का पूर्व प्रतिनिधि रह चुका है, बाद में उसे हटा दिया गया ।

## ग्राहक मिलन में विश्वास एवं दीर्घकालिक संबंधों पर चर्चा



**भिलाई, 26 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन एवं व्यवसाय नियोजन विभाग द्वारा 24 फरवरी द्वितीयक इस्पात वस्तुओं, स्टील स्क्रैप, आयरन स्क्रैप एवं कमर्शियल रेल्स की बिक्री संवर्धन तथा ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने हेतु ग्राहक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक पी. सुब्बाराव ने की। बैठक में स्थानीय ग्राहकों के प्रतिनिधियों के साथ एम एंड बीपी, वित्त एवं लेखा, सी एंड आईटी तथा एमआरडी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। विपणन विभाग ने ई-नीलामी में पारदर्शिता, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली सुदृढ़ीकरण एवं ग्राहक पोर्टल उन्नयन जैसी डिजिटलीकरण पहलों की जानकारी साझा की। संवाद सत्र में ग्राहकों ने वीएएन भुगतान विलंब, ई-नीलामी में सीमित उपलब्धता, क्रेन सुविधा, अवशिष्ट सामग्री समायोजन एवं प्रक्रियागत कठिनाइयों से जुड़े मुद्दे उठाए, जिनके समाधान हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय का आश्वासन दिया गया।

## आयुक्त ने विकास कार्यों में तेजी और स्वच्छता के लिए दिए सख्त निर्देश



**भिलाई, 26 फरवरी।** शहर में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन-3 अंतर्गत मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा जल स्रोतों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट एवं समयबद्ध निर्देश दिए। वार्ड-31 के सुंदर नगर बस्ती में जारी सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने और कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यह सीधे नागरिक सुविधाओं से जुड़ा विषय है। केनाल रोड निर्माण स्थल पर आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सीमांकन एवं मार्किंग कार्य तत्काल पूर्ण करने को कहा, ताकि परियोजना में अनावश्यक विलंब न हो। श्याम नगर तालाब में फैली जलकुंभी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने शीघ्र सफाई अभियान चलाकर इसे हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तालाबों की स्वच्छता और जल संरक्षण निगम की प्राथमिकता है, ताकि जलभराव एवं प्रदूषण जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक सुलभ शौचालयों में पानी की उपलब्धता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने, साथ ही वार्ड की गलियों, मोहल्लों एवं नालियों की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य के बजट पर युवा उद्यमियों ने जताया विश्वास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता









**भिलाई, 26 फरवरी।** प्रदेश के बजट को लेकर युवा उद्यमियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनका कहना है कि बजट में स्टार्टअप प्रोत्साहन, एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा, कौशल विकास और औद्योगिक अधोसंरचना पर विशेष ध्यान दिया जाना राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। शहर के युवा उद्यमी एवं मेहता स्टील इंडस्ट्री के डायरेक्टर अंकित खुशाल मेहता ने अपनी प्रतिक्रिया में लगभग 1.72 लाख करोड़ के बजट को विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर, सिंचाई, क्षेत्रीय हवाई संपर्क, महिला सशक्तिकरण योजनाओं तथा कृषि एवं आदिवासी क्षेत्रों पर फोकस को सकारात्मक कदम माना है। उनका कहना है कि इन प्रावधानों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और उद्योग जगत को मजबूती मिलेगी। हालांकि अंकित मेहता ने राजकोषीय दबाव बढ़ने की आशंका, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती, राजस्व स्रोतों पर सीमित स्पष्टता और शहरी विकास व प्रत्यक्ष रोजगार सृजन पर अपेक्षाकृत कम ध्यान को लेकर चिंता भी जताई। समग्र रूप से उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि पारदर्शी और समयबद्ध अमल से यह बजट राज्य की आर्थिक प्रगति को नई गति देगा। युवा उद्यमी एवं शुक्ला इंडस्ट्रीज के एमडी अनिल शुक्ला ने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट के सहायक उद्योगों को लेकर बहुत उम्मीद थीं लेकिन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए वित्तीय सहायता और ऋण प्रक्रियाओं को सरल बनाने के संकेत उद्योग जगत के लिए राहत भरे हैं। इससे नए उद्यम शुरू करने में पूंजीगत बाधाएं कम होंगी। ट्रांसपोर्ट एवं समाजसेवा क्षेत्र से जुड़े अरोरा स्पोर्ट्स अकादमी वैशालीनगर के डायरेक्टर राजपाल अरोरा ने कहा कि यह बजट अपार संभावनाओं से भरा है। हालाँकि ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में स्थिति तो ठीक नहीं कही जा सकती लेकिन स्पोर्ट्स और डिजिटल अधोसंरचना के साथ ही ई-गवर्नेंस पर जोर छत्तीसगढ़ को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिला सकता है। यदि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया तो छत्तीसगढ़ स्टार्टअप हब के रूप में उभर सकता है। युवा ट्रांसपोर्टर गोपी अरोरा ने कहा कि इस बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास की झलक साफ दिखाई देती है। जवाहर मार्केट व्यापारी संघ से जुड़े ज्वेलर्स व्यवसायी अशोक जाधव ने बजट को प्रदेश के विकास में सहायक और व्यापार-व्यवसाय के दृष्टिकोण से सार्थक और उचित बताया। अशोक ने अच्छे बजट के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को बधाई दी। हालांकि कुछ उद्यमियों ने यह भी सुझाव दिया कि टैक्स, भूमि आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि निवेश का वातावरण और बेहतर हो सके।

### तेज डीजे की शिकायत पर कलेक्टर सख्त समय सीमा उल्लंघन पर जब्ती के निर्देश

**दुर्ग, 26 फरवरी ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 137 आवेदन प्राप्त हुए।

### विधानसभा अहिवारा में विकास कार्यों हेतु 8 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग, 26 फरवरी ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के दो विकास कार्यों के लिए 08 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम एवं ग्राम पंचायत कपसदा में दरी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु और इसी ग्राम पंचायत में बधानी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु 04-04 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# सतनामी समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष धंसराज का गिरौदपुरी में किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोडागाँव, 26 फरवरी।** प्रगतिशील सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के द्वारा गिरौदपुरी सतनाम धर्मशाला मडवा में मनखे मनखे एक बरोबर के संदेश देने वाले परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम में तीन दिवसीय मेला 22, 23, 24 फरवरी 2026 में सतनामी समाज बस्तर संभाग के संभाग अध्यक्ष धंसराज टंडन को प्रमाण पत्र श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया साथ ही धंसराज टंडन ने जिला बलौदाबाजार के कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर मेला की बधाई देते हुए कोडागाँव ढोकला शिल्प कला से बना विश्व के प्रथम सबसे ऊंचा जैतखाम को दिखाते ही कलेक्टर ने कहा यह बहुत सुंदर शिल्प कला है मैं बहुत से कलाओं के माध्यम से जैतखाम को देखा हूं लेकिन यहां पहली बार ऐसा देखने को मिला कलेक्टर दीपक सोनी ने कहां इसे म्यूजियम में रखने की बात कही मेला में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सभी संत समाज एवं सतनामी समाज व सतनाम धर्म के मानने वाले एवं साहित्यकार, लोक कलाकार एवं सामाजिक क्षेत्र एवं अन्य संघ संगठन के पदाधिकारी समाज प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी, व छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारी कर्मचारी जो मेला व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने वाले सभी पदाधिकारी को प्रगतिशील सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रमाण पत्र एवं



श्रीफल के साथ सम्मान भेट किया गया।

सतनामी समाज का आस्था का केंद्र गिरौदपुरी धाम मेला में गुरु दर्शन एवं आशीर्वाद लेने पहुंचे लाखों श्रद्धालु परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला 22, 23, 24 फरवरी 2026 (तीन दिवसीय) में शामिल हुए लाखों सतनामी समाज के लोग इस पवित्र भूमि में सतनामी समाज एवं परम पूज्य गुरु घासीदास एवं सतनाम धर्म के मानने वाले का आस्था का केंद्र है गिरौदपुरी धाम जो विश्व में प्रसिद्ध है जो दुनिया के सबसे ऊंचा जैतखाम स्थापित है विश्व भर के श्रद्धालु इस पवित्र भूमि गिरौदपुरी धाम एवं जैतखाम में मत्था टेकने पहुंचते हैं सतनाम धर्म के मानने वाले संत एवं धर्म गुरुओं के द्वारा यहां जैतखाम में सफेद ध्वजा चढ़ाया जाता है धर्म गुरुओं के द्वारा प्रदेश, देश, विदेश में बसे सतनामी समाज के लोगों के सुख शांति समृद्ध उन्नति प्रगति के लिए परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा से आशीर्वाद मांगते हैं और धर्म गुरुओं के द्वारा भी आशीर्वाद शुभकामनाएं एवं बधाई देते है विश्व प्रसिद्ध गिरौदपुरी मेले में संत, समाज के बच्चे, युवा, महिला, पुरुष, बुजुर्ग माथा टेकते एवं मुख्य द्वार से भुइयां नापने नापते मुख्य मंदिर में पहुंचकर बाबा से अपने अपने मनोकामनाएं पूर्ण होने के लिए कामना एवं आशीर्वाद लेने मुख्य मंदिर जैतखाम एवं पवित्र भूमि को नमन कर आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं और इस मेला स्थल में सांस्कृतिक कार्यक्रम में सतनामी समाज के विश्व स्तर एवं राष्ट्रीय व राज्य स्तर एवं के लोक कलाकारों एवं साहित्यकारों के द्वारा समाज को बाबा के संदेशों एवं जीवनी सतनामी इतिहास को जन-जन पहुंचने का प्रवचन एवं गीत संगीत के माध्यम से प्रस्तुत देते हैं। गिरौदपुरी मेला समिति के द्वारा बहुत ही सुंदर व्यवस्था रखा गया भोजन भंडारा पार्किंग और श्रद्धालुओं के लिए छांव पेयजल सुरक्षा व्यवस्था मेला में देखने को मिला इस व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन एवं मेला समिति को बहुत-बहुत बधाई।

# पीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट का मजाक उड़ाने वाला सचिव निलंबित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 26 फरवरी।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की औंधी तहसील के नवागांव ग्राम पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित खबर का असर हुआ है। डबरी में आठ माह से सड़ती कचरा ट्राईसायकल और गांव में लगे कचरे के अंबार को प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने कड़ा कदम उठाते हुए ग्राम पंचायत नवागांव के सचिव साधुराम मंडावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि 16 फरवरी 2026 को प्रकाशित खबर में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट स्2ड्डष्द्धद्ध क्कद्बह्यद्धह्ल स्द्धह्यह्यद्बश्ठ्ठ के तहत उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जमीनी हकीकत सामने आई थी। पंचायत को कचरा संग्रहण के लिए दी गई ट्राईसायकल पिछले आठ महीनों से डबरी में पड़ी जंग खा रही थी, जबकि गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का ढेर लगा हुआ था। ग्रामीणों ने नियमित साफ-सफाई नहीं होने और संक्रमण फैलने की आशंका जताई थी।

खबर सामने आने के बाद जनपद पंचायत मानपुर के सीईओ हनीश खान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सचिव को नोटिस जारी किया था। इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जांच की गई। जांच में स्वच्छता कार्यों में गंभीर लापरवाही और दायित्वों के निर्वहन में कमी पाई गई।

जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सचिव द्वारा स्वच्छता एवं निगरानी संबंधी कार्यों का समुचित क्रियान्वयन नहीं किया गया, जो छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के विपरीत है। इस आधार पर छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत मानपुर निर्धारित किया गया है।

**खबर का असर**




### प्रशासन का संदेश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

जिला सीईओ भारती चंद्राकर की इस कार्रवाई को स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि स्वच्छता जैसे प्राथमिक कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर है कि नवागांव में स्वच्छता व्यवस्था कब पटरी पर लौटेगी। फिलहाल, यह मामला इस बात का उदाहरण बन गया है कि जमीनी हकीकत उजागर होने पर प्रशासनिक कार्रवाई संभव है।

## एक नजर

### प्रयास अभियान : जिले के समस्त थाना व चौकी को क्यूआर कोड किया जारी




■ **क्यूआर कोड के जरिए आगंतुक एवं आमजन थाना/चौकी का फीडबैक फॉर्म भरेंगे**

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना/चौकी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग, थाना/चौकी की कार्य प्रणाली में और अधिक सुधार लाने, आवेदकों द्वारा किए जा रहे शिकायतों पर अमल कर उन पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही आदि में आमजनों की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। आमजनों के सुझाव एवं उनके अनुभवों से थाना/चौकी के कार्यों को और अधिक सटीकता से संपादित किया जा सकता है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त थाना/चौकी में आमजनों, थाना आने वाले आगंतुकों से फीडबैक फॉर्म भरने हेतु क्यूआर कोड जारी किया गया है। 25 फरवरी को प्रयास अभियान के तहत पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा क्यूआर कोड का विधिवत उद्घाटन किया गया। क्यूआर कोड के जरिए फीडबैक फॉर्म भरने का मुख्य उद्देश्य पुलिस स्टाफ की कार्यक्षमता बढ़ाना, कार्यों में सुधार लाना एवं थाना/चौकी स्तर पर कमियों को दूर करते हुए, आमजनों का पुलिस पर भरोसा मजबूत करना है। यह क्यूआर कोड जिले के समस्त थाना/चौकी एवं पुलिस कार्यालय में लगाया जावेगा, जिसके तहत थाना/चौकी आने वाले आगंतुकों द्वारा थाना अनुभव, उनके शिकायत पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई एवं गंभीरता आदि को फीडबैक फॉर्म के जरिए उनके द्वारा भरा जा जाएगा। इस फीडबैक फॉर्म का सुपरविजन पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं अपने टीम के माध्यम से किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर भावना गुप्ता ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार लाने, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। क्यूआर कोड के जरिए थाना/चौकी आने वाले आगंतुक भी फीडबैक फॉर्म भरकर अपना अनुभव साझा कर पुलिस संबंधित कार्यों में अपना अमूल्य योगदान देंगे। फीडबैक फॉर्म से आमजनों, आवेदकों, शिकायतकर्ताओं को पुलिस की कार्य प्रणाली से संतुष्टि एवं कार्य के दौरान आ रही कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी। फीडबैक फार्म में भरे गए तथ्यों के आधार पर पुलिस कार्यालय द्वारा उक्त बिंदुओं में और अधिक सुधार लाने हेतु संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारी को निर्देशित किया जाएगा, जिससे उक्त कार्य में और अधिक सुधार एवं निपुणता आएगी।

### सरकारी नौकरी लगानें के नाम पर ठगी मामलें में पांच शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज

# एक आरोपी गिरफ्तार, भाजपा नेता फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 26 फरवरी।** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है। मंगलवार को डोंगरगढ़ थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई। शिकायतकर्ताओं ने देवेंद्र कुमार गोरले तथा भिलाई निवासी भाजपा नेता जयप्रकाश यादव के खिलाफ लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर देर शाम पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 34 और 420 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल एक आरोपी देवेंद्र कुमार गोरले को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि कथित मुख्य सरगना जयप्रकाश यादव अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस प्रकरण में अब तक पांच शिकायतकर्ता सामने आ चुके हैं। सभी का आरोप है कि शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपये वसूले गए। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पांच लोगों से कुल 11 लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज किया है। हालांकि, क्षेत्र में अब तक 53 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की आशंका जताई जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में ठगी की राशि और बढ़ सकती है।



जानिए, किन-किन से कितनी रकम ली गई- शिकायत के अनुसार आरोपियों द्वारा पांच पीड़ितों से 11 लाख रुपये मांगे गए थे। जिनमें धीरज साहू डोंगरगढ़ से 2 लाख रुपये, बसंत साहू पनियाजोब से 2 लाख 50 हजार रुपये, बृजभूषण सिन्हा डोंगरगढ़ 2 लाख रुपये, उमा भारती लिल्हारे इंदिरा नगर 1 लाख 50 हजार रुपये व शिव टेंभुरकर मुसरा से 3 लाख रुपये मांगा गया था। सभी से अलग-अलग समय पर नगद और ऑनलाइन माध्यम से राशि ली गई। अधिकांश मामलों में शासकीय विभागों में कम्प्यूटर ऑपरेटर या सहायक ग्रेड-3 जैसे पदों पर नियुक्ति का भरोसा दिया गया।

कैसे रचा गया ठगी का जाल- पीड़ितों के अनुसार देवेंद्र कुमार गोरले व जयप्रकाश यादव ने मंत्री स्तर तक पहुंच होने और गारंटी के साथ नौकरी लगवाने का दावा किया। भरोसा जीतने के लिए पहले परिचय बढ़ाया गया, फिर शासकीय नौकरी तय होने की बात कहकर अग्रिम राशि मांगी गई। कई मामलों में किस्तों में भुगतान कराया गया। न तो किसी को नियुक्ति पत्र मिला और न ही पूरी राशि वापस की गई। कुछ पीड़ितों को आंशिक रकम लौटाकर भरोसा बनाए रखने की कोशिश की गई।

अब सामनें आ सकते है और भी शिकायतकर्ता- सूत्रों का कहना है कि सामाजिक दबाव और बदनामी के डर से कई अन्य पीड़ित अब तक सामने नहीं आए हैं। यदि वे भी शिकायत दर्ज कराते हैं तो ठगी की कुल राशि और बढ़ सकती है। डोंगरगढ़ पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है। फरार आरोपी की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान यदि अन्य नाम सामने आते हैं तो उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में आक्रोश, कार्रवाई पर टिकी निगाहें- नौकरी का सपना दिखाकर लोगों की मेहनत की कमाई हड़पने के इस मामले ने पूरे डोंगरगढ़ क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना दिया है। आमजन अब पुलिस की आगे की कार्रवाई और फरार आरोपी की गिरफ्तारी का इंतजार कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच में इस कथित नेटवर्क की और कितनी परतें खुलती हैं तथा कितने और पीड़ित सामने आते हैं।

# अधिकारियों को जनगणना के लिए दिया गया प्रशिक्षण




■ **पूरी तरह डिजिटल फॉर्म में एवं दो चरणों में सम्पन्न होगा जनगणना कार्य**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** 16वीं जनगणना 2027 कार्यक्रम अंतर्गत जिले में जनगणना कार्य सुचारु ढंग से सम्पन्न कराने हेतु बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के प्रगति क़क्ष में चार्ज अधिकारियो को प्रशिक्षण दिया गया। जनगणना कार्य दो चरणों में समन्न होग़ा जो पूरी तरह से डिजिटल होग़ा।

प्कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि प्रशिक्षण को बहुत ही गंभीरतापूर्वक लें ताकि निर्धारित समय पर कार्य सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य पूरे देश में एक साथ होग़ा जिससे तय समय पर ही कार्य पूरा करना होग़ा। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिये लोगों के बीच जाने पर उन्हें स्पष्ट जानकारी दें कि यह सर्वे केवल डाटा संकलन के लिये है और इससे किसी योजना के पात्रता या अपात्रता का कोई सबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के पश्चात् ब्लॉक लेवल पर अधीनस्थ कर्मचारियों का कई चरणों में प्रशिक्षण होगा। जनगणना कार्य हेतु प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

जनगणना कार्यालय की सहायक निदेशक रश्मिता स्वाई ने बताया कि 16 वीं जनगणना 2027 दो चरणों में होगी जिसमें प्रथम चरण मई 2026 में शुरू होग़ा। प्रथम चरण में मकानों की लिस्टिंग का कार्य होग़ा। द्वितीय चरण फ़रवरी 2027 से शुरू होग़ा जिसमें विस्तृत रूप से जानकारी डिजिटल फॉर्म में भरे जायेंगे। प्रथम चरण के पूर्व 16 अप्रैल 2026 से स्व गणना पोर्टल के माध्यम से होग़ा।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की आधारभूत संरचना का निर्माण, जनगणना में उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं, अवधारणा और परिभाषाएं, सीएमएमएस का परिचय आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी एसडीएम, उप संचालक योजना एवं सांख्यियिकी पायल पाण्डेय सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

## डोंगरगढ़ में प्रशासन की सख्ती से सट्टा व नशे पर लगी लगाम

**राजनांदगांव, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इस वर्ष होली का पर्व जिले में शांति, सुरक्षा और अनुशासन के माहौल में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य कारण जिले में वर्तमान पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में चल रही सख्त कार्यवाही को माना जा रहा है। उनके पदभार संभालने के बाद से जिले में सट्टा, अवैध शराब और नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिला है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय बाद जिले में कानून का वास्तविक डर दिखाई दे रहा है। पहले जहां खुलेआम सट्टा और नशे का कारोबार होता था, वहीं अब लगातार छापेमारी और कार्यवाही से इन गतिविधियों में काफी कमी आई है।

जनता के बीच यह चर्चा का विषय भी है कि पूर्व में भी प्रशासन और पुलिस के पास कार्रवाई की शक्ति थी, लेकिन कई बार राजनीतिक दबाव, आपसी संबंध या अन्य कारणों से सख्ती नहीं हो पाती थी। यही कारण था कि कई लोग गलत कार्यों में लिप्त होने के बावजूद बच निकलते थे।

**एक स्थानीय नागरिको का कहना:** अगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि पूरी ईमानदारी से चाहें, तो जिले में अपराध लगभग समाप्त हो सकता है। लेकिन कई बार व्यक्तिगत संबंध और दबाव व्यवस्था को कमजोर कर देते हैं।

सख्त कार्रवाई के कारण इस बार असामाजिक तत्वों की गतिविधियां सीमित रही हैं, जिससे आम जनता, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को राहत मिली है। लोगों का मानना है कि यदि इसी प्रकार निष्पक्ष और निरंतर कार्रवाई होती रही, तो जिले में स्थायी रूप से कानून व्यवस्था मजबूत होगी और आम नागरिक सुरक्षित वातावरण में अपना जीवन सकेंगे। होली के इस अवसर पर जिले में कानून का रंग सबसे गहरा दिखाई दे रहा है।

# माँ दुर्गा देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर नीलकमल परिवार ने किया भव्य आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 26 फरवरी।** तिल्दा स्टेशन चौक पर स्थित माँ दुर्गा देवी मंदिर का 50 वा स्थापना दिवस अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सुबह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, विशेष पूजा और महाआरती का आयोजन हुआ। रात को आयोजित भव्य भजन संध्या में स्थानीय व आमंत्रित गायकों ने मधुर भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को फूलों और लाइटों से सजाया गया था, दोपहर को ब्राम्हण और कन्या भोज के साथ आम भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। नील कमल परिवार द्वारा स्थापित किए गए माता मंदिर के 50 वे स्थापना दिवस पर सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान, होने शुरू हो गए थे, जो रात तक होते रहे .रात को माता मंदिर के सामने आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में आए प्रसिद्ध भजन गायकों के द्वारा अपनी सुरीली आवाज में मा दुर्गा, श्याम के भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्ति मय बना दिया, भजनों पर भक्त नाचते हुए माता और श्याम के जयकारे लगाते रहे। . भजन संध्या में जब भजन गायक ने होली का भजन गाया भक्तो ने इस होली में एक दुसरे पर जमकर फूल बरसाए.। सुबह माता की महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया .आरती में नीलकमल परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए द्व दोपहर को भोजन भंडारा का आयोजन किया गया .जिसमे हजारो लोगो ने महा प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया।

# गिरौदपुरी मेला में पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था



■ **गिरौदपुरी मेला में 18 राजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 968 पुलिस बल किया था तैनात**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** 22 से 24 फरवरी तक आयोजित ऐतिहासिक गिरौदपुरी मेला कार्यक्रम सफलता पूर्वक एवं शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान संपूर्ण गिरोधपुरी मेला में 18 राजपत्रित अधिकारियों सहित 21 निरीक्षक, 51 उनि/सउनि, 66 प्रधान आरक्षक, 812 आरक्षक महिला आरक्षक सहित कुल 968 की संख्या में पुलिस बल लगाया गया था। मेला परिसर में 24 घंटे सतत् निगरानी हेतु 80 की संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। इस दौरान मेला परिसर के विभिन्न स्थानों में पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए थे, जिनकी मदद से मेला में गुम हुए कुल 32 गुम इंसानों की सकुशल खोजबीन कर उनके परिजनों के सुपूर्द किया गया। मेला व्यवस्था के तहत बाहर से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, बाहर प्रांत से आकर मेला परिसर में ठेला, गुमटी आदि लगाने वाले व्यक्तियों का सर्च स्लिप भरा गया। इस दौरान कुल 79 लोगों का सर्च स्लिप भरा गया। संपूर्ण मेला में समुचित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए 20 से अधिक स्थानों में पार्किंग स्थल बनाए गए थे, जिसके तहत इस बार छाता पहाड़ में भी पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही गिरौदपुरी चौकी के पीछे के शेरे पंजा स्थल को मुख्य पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित किया गया था।

### दीपा कुलकर्णी की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ भजन कीर्तन,कलश यात्रा व भोग भंडारे का आयोजन कर

# श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर का स्थापना दिवस भक्तिभाव से मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 26 फरवरी।** अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के सुप्रसिद्ध व मनवांछित श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर की स्थापना दिवस बडे ही भक्तिभाव के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से रात्री तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे हजारों लोगों की भारी भीड देखने को मिला।

अवसर पर सर्व प्रथम सुबह श्रीहनुमान मंदिर पर श्रीगंगापुजा किया गया। जिसमे मुख्य यजमान के रूप में फंक्शन हैड टेक्निकल राजीव सिंघल नितु सिंगल विराजमान रहे। तत्पश्चात 108 विशाल कलश शोभायात्रा महिलाओं के द्वारा पीले रंग की आकर्षक वस्त्रो मे निकाली गई। जो कि यहां के श्रीहनुमान मंदिर से प्रस्थान कर मुख्यमार्ग से होते हुए। श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर धाम मे जाकर विश्राम किया। फंक्शन हैड फाइनेंस सुनंदा बासु सपत्नीक, फंक्शनल हैड माइंस अशोक सिन्हा, ई एंड आई हैड विवेक बघेल, टेक्निकल सेल एवं प्रोजेक्ट हैड अशोक मिश्रा, मैकेनिकल हैड अनिल गुप्ता, एच आर हैड जितेन्द्र तनवर, सेक्यूरिटी हैड अभिषेक तेवतिया के आलावा अधिकारीयों, कर्मचारियों, कालोनीवासीयो एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के यूनिट हैड पवन कुलकर्णी की दीपा कुलकर्णी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर हजारो की संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, कालोनीवासीयो एवं क्षेत्रवासियों का ताता लगा रहा। श्रीसुंदरकांड पाठ के पश्चात दीपदान किया गया। बैकुंठेश्वर महाराज की महाआरती की गई। फिर भगवान को भक्तो के द्वारा लाये गये 56 भोग लगाये गये।

अंत मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही दीपा कुलकर्णी ने विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बैकुंठेश्वर महाराज की स्थापना दिवस के इस महोत्सव में शामिल हो, मै अपने आप को धन्य मानती हूं। क्योंकि यह बैकुंठ सीमेंट केवल नाम नही। अपितु वास्तव स्वर्ग लोक की वास्तविक बैकुंठ की आभास कराती है, वही यहां के इस बैकुंठेश्वर मंदिर साक्षात तीनो लोकों के स्वामी विराजमान है, जिसकी प्रभाव अंचल भर मे सुप्रसिद्ध है।



इस अवसर पर फंक्शनल हैड टेक्निकल राजीव सिंगल ने कहा कि यहां जो भी आयोजन होता है वह अलौकिक व धार्मिक-सांस्कृतिक से ओतप्रोत होता है वही यहां की टीम वर्क प्रत्येक आयोजनों की सफ्लता सुनिश्चित कर देती है यहां के कर्मचारियों की भजनमंडली की शराहना करने से नही चूंके कहां हमारे कर्मठ कर्मचारी होने के साथ साथ विलक्षण कलाओं के धनी हैं जो प्रत्येक मंगलवार को हनुमान मंदिर व श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर में संगीतमय श्रीसुंदरकांड पाठ का लगातार 182 कडी संपन्न किये। वही यहां की सरस्वती महिला मंडलीयो की भी प्रशंसा किये।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन विवेक बघेल के द्वारा किया गया। जिसमे एच आर, ई आर, सेक्यूरिटी विभाग, सिविल, हल्टीकलचर, के साथ महिलाओं, अधिकारीयों, भजनमंडलीयो, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों आदि के द्वारा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अंत में 56 भोग के महाप्रसाद के साथ साथ महा भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारो की संख्या में भक्तो ने कतार में खड़े हो भोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण किये। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में जिनका विशेष योगदान रहा है। उन्मे अशोक मिश्रा, विवेक बघेल, जितेन्द्र मिश्रा, राजेंद्र कुमार साहू, अभिषेक तेवतिया, ब्रजेश पटेल, गुरूदयाल साहू, पं सुशील शर्मा, पं मनोज तिवारी, पं कैलाश तिवारी, के आलावा सभी अधिकारीयों, कर्मचारियों, कालोनी वासीयो, पुरूष एंव महिला मंडलीय की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बजट में सबको कुछ न कुछ देने का प्रयास

परिवार का बजट हो या सरकार का बजट हो। उसमें प्रयास तो यही किया जाता है कि सबको कुछ न कुछ देकर खुश किया जाए ताकि कोई शिकायत न करे कि हमारे को कुछ नहीं मिला। ज्यादातर लोग बजट को इसी नजरिए से देखते हैं कि हमारे को क्या मिला। हर वर्ग चाहता है कि उसे बजट में पहले से ज्यादा मिले। वह पहले ज्यादा सुविधाएं चाहता है और बेहतर लाभप्रद योजनाएं चाहता है।साय सरकार के बजट में ऐसा किया गया है।कई लोग बजट में देखते हैं कि सरकार ने नया क्या किया है, नई कौन सी योजना लेकर आई है।अच्छा बजट वह माना जाता है जिससे राज्य के ज्यादा से ज्यादा से लोगों को फायदा मिले और राज्य में विकास की गति तेज बनी रहेलोगों को रोजगार मिले, लोगों की आय हर साल बढ़े। छत्तीसगढ़ के तीनों बजट कई मायनों में परंपरागत बजट से अलग दिखाई देते है तो इसकी एक वजह राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी है। हर बार उनकी बजट की थीम अलग होता है।यह राज्य का तीसरा बजट है इससे पहले के दो बजट ज्ञान व गति की थीम पर बनाए गए थे,तीसरा बजट संकल्प की थीम पर बनाया गया है।संकल्प का मतलब है एस से समावेशी विकास यानी विकास का लाभ सभी समुदायों और सभी क्षेत्रों तक पहुंचे, ए से अधोसंरचना यानी राज्य के आर्थक विकास के लिए सड़क,सिंचाई,बिजली, शहरी विकास व डिजिटली कनेक्टिविटी का विस्तार करना।एन से निवेश यानी औद्योगिक विकास के लिए राज्यमें अनुकूल माहौल बनाना ताकि रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलें।के से कुशल मानव संसाधन यानी शिक्षा और कौशल से युवाओं को नए उभरते हुए क्षेत्रों के लिए तैयार करना।ए से अंत्योदय यानी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी जरूरी सेवाएं पहुंचाना,एल से लाइवलीहुड यानी कृषि,हस्तशिल्प व ग्रामीण उद्यमों को आधुनिक बनाना। पी यानी पालिसी से परिणाम तक यानी नीतियों के वास्तविक सकारात्मक प्रभाव तय करना।संक्षेप में संकल्प थीम यानी छत्तीसगढ़ को हर तरह से विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। साय सरकार के बजट में १७ पुरानी योजनाओं का लाभ तो लोगों को मिलता रहेगा। उसके लिए पर्याप्त पैसा दिया गया है। इसी के साथ साय सरकार के बजट में नई योजनाएं है,सीएम आदर्श शहर समृध्दि योजना, द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना,छग वायु योजना,आस्था पथ योजना,युवा दर्शन योजना,छग एसीई योजना,रानी दुर्गावती योजना,विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना,सीएम शिक्षा सहयोग योजना,लखपति दीदी भ्रमण योजना।बजट में ज्यादातर विभागों को पहले से ज्यादा बजट दिया गया है। जैसे महिला एवं बालविकास,उद्योग व्यापार,उच्च शिक्षा,इलेक्ट्रानिक्स व आईटी,परिवहन,खेल एवं युवा कल्याण,जनसंपर्क, पशु पालन,खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, को पहले से ज्यादा बजट मिला है, वहीं लोक निर्माण विभाग व जल संसाधन को पहले से कम बजट मिला है। आंकड़ों के मुताबिक रुपया सबसे ज्यादा बजट में जनता के कल्याण में ४० प्रतिशत,३६ प्रतिशत विकास व रोजगार में तथा २४ प्रतिशत सरकार चलाने में। इस तरह देखा जाए तो सरकार ज्यादा से ज्यादा पैसा जनता के कल्याण में खर्च करना चाहती है। हर सरकार बजट में पैसा तय करती है और वह खर्च भी होता है लेकिन खर्च होने से क्या लाभ हुआ इसका पता भी खर्च होने के बाद चलना चाहिए।समग्र शिक्षा मिशन के तहत २०१४ से वोकेशनल कोर्स पर पैसा खर्च किया जा रहा है।१.७५ लाख छात्र पास हुए है लेकिन कितनों छात्रों का काम मिला। इसका कोई आंकड़ा नहीं है। यानी बजट में पैसा था, खर्च हुआ यह भी पता रहना चाहिए कि लाभ हुआ तो कितना लाभ हुआ।ऐसे पैसा खर्च करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है कि यही पता न रहे कि लाभ क्या हुआ। रायपुर शहर में पार्किंग के लिए तीन जगह ५७ करोड़ रुपए खर्च कर मल्टीलेवल पार्किंग बनाए गए लेकिन वहां लोग गाड़ियां खड़ी नहीं करते हैं तो पैसा खर्च करने का क्या मतलब रह गया। लोग अपनी गाडियां सड़क पर ही खड़ी करते हैं। करोड़ो रुपए खर्च कर शहर को सुंदर बनाने फव्वारे कई जगह लगाए गए वह बंद पड़े हैं। चौपाटी करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया गया उसे हटा दिया गया। इसी तरह सरकारी पैसा बड़ी लापरवाही से खर्च कर दिया जाता है और उसका लाभ लोगों को मिलता नहीं है।बजट मे लोगों को यह देखकर तो अच्छा लगता है कि सरकार उसके और राज्य की बेहतरी के लिए क्या कुछ करना चाहती है। सरकार तो बेहतर से बेहतर सुविधाएं लोगों को देना चाहती है,योजनाओं का लाभ देना चाहती है लेकिन सरकारी तंत्र में नीचे से ऊपर तक फैले भ्रष्टाचार व लापरवाही के कारण न तो लोगों को सुविधाएं मिल पाती है और न योजनाओ का पूरा लाभ मिल पाता है। पैसा तो बजट का खर्च हो जाता है लेकिन उसका लाभ लोगों को कितना मिला इसका पता लोगों को चलता नहीं है। तंत्र के भ्रष्टाचार व लापरवाही के कारण बजट का हजारों करोड़ रुपए जो राज्य हित व जनहित में खर्च होना चाहिए नहीं होता है, वह भ्रष्ट लोगों की जेब में चला जाता है। बजट का पूरा लाभ लोगों को मिले इसके लिए साय सरकार को हर स्तर पर मानिटरिंग की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि सरकारी पैसे का सदुपयोग हो।पैसा खर्च हो उसका लाभ भी लोगों को मिलते दिखना चाहिए।

(वैश्विक परिदृश्य)

# भारत इजराइल गठबंधन, भारत की शांति प्रयासों की नई भूमिका

**संजीव ठाकुर**

इजरायली संसद में प्रधानमंत्री ने संबोधन में कहा आतंकवाद किसी स्तर पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा एवं उग्रवाद एवं आतंकवाद हर स्तर पर गलत है। इसराइल के



प्रधानमंत्री ने भारत को एक अभिन्न मित्र एवं सहयोगी बताया उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना भाई मित्र और हितेषी भी निरूपित किया है। भारत के प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा पर दुनिया के हर देश की नजर लगी हुई है। इजरायली संसद में संबोधन के बाद प्रधानमंत्री को वहां ऐतिहासिक तौर पर सम्मानित भी किया गया। प्रधानमंत्री की इस यात्रा में भारत इजरायली संबंधों का एक नए युग का सूत्रपात किया है। भारत इजराइल के सहयोग से एक सुरक्षात्मक आयरन डोम बनाने की तकनीक भारत में तैयार करेगा। जिससे भारत और भी सुरक्षित एवं मजबूत होगा और भारत अपनी रक्षात्मक प्रणाली की नई तैयारी करने में सक्षम हो सकेगा। भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है। भारत ने रूस यूक्रेन युद्ध मैं शांति प्रयासों की हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई है।

युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं कि युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। पूर्व में भी भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है।

पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था ।तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। ऑपरेशन सिंदूर में भी पाकिस्तान के सैनिक ठिकानों पर ही हमला किया गया ताकि कम से कम नागरिक हताहत हों और भारत में ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान की गुहार तथा निवेदन पर तत्काल रोक दिया था फलस्वरूप कॉल स्वरूप दोनों देशों के काम से कम नागरिक जख्मी तथा मृत हुये।

प्राचीन काल में भी राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था। पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिली। और इसके उपरांत भारत लगातार "अहिंसा परमो धर्म" की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है। कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने



मुंह तोड़ जवाब भी दिया। और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही। भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही। भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया। और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है। भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है। वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है। और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया था।

यह उनकी संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को संबोधित करने का हिंदी में तीसरा अवसर था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलाया। उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था। यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी धर्म तथा संविधान तथा घोषणा पत्र मैं शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है किंतु विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है। वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है. ।और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है। इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग महासभा में स्वीकार भी करता है। अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया है\ भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर कोरिया, वियतनाम,लागोस,मिस्त्र, सीरिया , लाइबेरिया, युगोस्लाविया,नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाएं वहां पर शांति बहाली हेतु अलग-अलग समय में उपलब्ध करवाई थी। भारत द्वारा विश्व शांति की स्थापना की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति अभियानों में अनथक एवं बहुत बड़ा सहयोग किया है। उन्होंने कई देशों के मध्य पर्यवेक्षक की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभाई है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को शांति निरीक्षण आयोगों, समितियों तथा अंतरिम विश्वास बहाली कार्यक्रमों में बतौर सदस्य नामित भी किया है। इस भूमिका को भी भारत ने बहुत सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, वैसे भी भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रबल पक्षधर रही है। इसीलिए भारत सरकार ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है बल्कि विश्व के अनेक तनावग्रस्त संकटग्रस्त एवं युद्ध देशों के मध्य अपनी कूटनीतिक राजनैतिक भूमिका भी कर्मठता से निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ बहुत महत्वपूर्ण होकर जटिल भी होते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की हर भूमिका को बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने का कार्य बखूबी निभाया है। और भारत राष्ट्र जिस तरीके से आत्मनिर्भर होकर विदेश की सरकारों से अपने संबंध स्थापित किए हैं, उससे यह दिन दूर नहीं जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाकर, वैश्विक शांति के लिए शांतिदूत का दर्जा दिया जाएगा।

## राशिफल

मेष राशिः घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा

मेष राशि वालों आज का दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिये आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी समस्या दूर होगी। आज आप किसी काम को नये सिरे से शुरू करने के बारे में विचार करेंगे। सेहत को लेकर थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। बिजनेस में आज अच्छा मुनाफा होने के योग है।

वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग लेंगे। आज आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे, कुछ पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आयेगा।

मिथुन राशि वालों आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्य स्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। करीबी रिश्तेदार आपको अच्छी खबर देगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। नवविवाहित दम्पति में मीठी नोक झोंक होगी, जिससे रिश्ते में और मधुरता आएगी।

कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। माता पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। आपको किसी काम में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा। बच्चे आपसे अपनी बात शेयर कर सकते हैं। आपको उनकी बात ध्यान से सुननी चाहिए।

सिंह राशिः वकीलों को पुराने क्लाइंट से अच्छा धन लाभ होगा आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिये आप हमेशा तैयार रहेंगे। बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य की स्थिति बनी रहेगी।

कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डीनर करने जाने का प्लान बनायेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे, जहां उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। छात्र अपने करियर के लिए किसी सीनियर से सलाह ले सकते हैं। सही सलाह आपके करियर को किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने में सहायक होगी।

तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे। अपने कठिन विषयों को समझने के लिये किसी की मदद ले सकते हैं। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में चल रही समस्याएं आज समाप्त होंगी, रिश्ते में नयापन आएगा।

वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्ते और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे। इंजीनियर्स को किसी कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा फायदा होगा। इस राशि के मैनेजर पोस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है। आज घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह लेंगे, आपकी सलाह उनके लिए कारगर साबित होगी।

मकर राशि वालों आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिये बाहर जाना पड़ेगा। किसी नये बिजनेस की शुरुआत के लिये लोन लेने के बारे में विचार करेंगे। आज आपको समाज हित में किये कार्यों के लिए सम्मानित किया जायेगा, लोग आपकी तारीफ करेंगे।

कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनायेंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े बुजुर्ग आपको खास सलाह देंगे जो आपके लिए कारगर रहेंगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन शानदार रहने वाला है। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। आज आपके रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कार्य स्थल पर आपके व्यवहार की तारीफ होगी। आप महत्वपूर्ण काम समय से निपटा लेंगे। लोगों से आप अपनी बात कहने में बहुत हद तक सफल होंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ आनंददायक समय बीतेगा। कहीं रुका हुआ पैसा अचानक वापस मिलेगा। आप कोई भी फैसला भावात्मक बातों में आकर न करके गलत फैसलों से बच जायेंगे।

## सू- दोकू क्र. 328

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |

## शब्द सामर्थ्य -328

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 327 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

शहीद दिवस

# चंद्रशेखर आज़ाद : क्रांति, साहस और आत्मसम्मान की अमर गाथा

**सुनील कुमार महला**

27 फरवरी को महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का शहीद दिवस है। पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिला में हुआ था तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गाँव में बीता, जहाँ उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी।

पाठकों को बताता चलूं कि उनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया। किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड(13 अप्रैल 1919 को पंजाब के अमृतसर में) ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था-'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे,आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।'

पाठक जानते होंगे कि आज़ाद ने शपथ ली थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे, और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। कहते हैं कि एक बार उन्होंने स्त्री का भेष धारण कर अंग्रेजों को चकमा दे दिया था। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने 'पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी' नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें 'क्विक सिल्वर' (पारा) कहते थे।



वे क्रांतिकारी संगठन के वरिष्ठ नेता थे और युवाओं को प्रशिक्षण देते थे, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे। पाठकों को बताता चलूं कि भगत सिंह उन्हें सम्मान से 'पंडित जी' कहते थे। दोनों की जोड़ी को 'आग और हवा' की तरह माना जाता था-जहाँ भगत सिंह वैचारिक रूप से गहरे थे, वहीं आज़ाद संगठन संचालन और क्रांतिकारी कार्रवाई में निपुण थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। गौरतलब है कि यह संगठन 1924 में शचींद्र नाथ सान्याल सहित अन्य क्रांतिकारियों द्वारा स्थापित किया गया था। इसके प्रमुख सदस्यों में राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी आदि शामिल थे। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई।

बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आज़ाद 1929 में लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर बम फेंकने की योजना में भी शामिल थे।

27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने अपने साथी सुखदेव राज को सुरक्षित निकल जाने का अवसर दिया और स्वयं लगभग 40 मिनट तक अकेले पुलिस से लोहा लेते रहे। उस समय उनके पास केवल एक छोटी कोल्ट पिस्तौल थी। जब अंतिम गोली बची, तो अपनी प्रतिज्ञा निभाते हुए उन्होंने स्वयं को गोली मार ली और वीरगति प्राप्त की।जानकारी मिलती है कि उनकी मृत्यु के बाद भी ब्रिटिश पुलिस उनके पास जाने से डर रही थी। पुष्टि करने के लिए दूर से उनके शरीर पर गोलियाँ चलाई गईं, तब जाकर वे पास पहुँचे। आज़ाद अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि कई बार संगठन के लिए धन बचाने हेतु स्वयं भूखे रह जाते थे, लेकिन अपने साथियों की जरूरतें वे पहले पूरी करते थे। उनकी शहादत के बाद काफी समय तक उनकी माता को पूरी जानकारी नहीं दी गई थी, ताकि उन्हें गहरा सदमा न पहुँचे।

**निष्कर्षतः,** चंद्रशेखर आज़ाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, त्याग और साहस से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

# साय सरकार के ऐतिहासिक बजट से मिलेगी विकास को गति : चैतराम अटामी

## दंतेवाड़ा विधायक ने बजट को विकास उन्मुखी बताते सराहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,26 फरवरी।** विधानसभा में पेश किए गए छत्तीसगढ़ सरकार के नए बजट का स्वागत करते हुए दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा है कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य, ख़ास कर बस्तर-सरगुजा के विकास को नई गति मिलेगी। राज्य के बजट आकार में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस किया गया है, जो स्वागतेय है। दंतेवाड़ा जिले को इस बजट में ख़ास सौगातें मिली हैं। राज्य के 3 अन्य मेडिकल कॉलेजों के साथ नए दंतेवाड़ा मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए 50 करोड़, गीदम-राजनांदगांव सड़क, बारसूर-मुचनार सड़क निर्माण, पोटाली में नया थाना खोलने जैसी कई सौगातें सरकार ने दंतेवाड़ा जिला वासियों को इस बजट में दी है। छत्तीसगढ़ सरकार में विकास की व्यापक और संतुलित रूपरेखा सामने आई है1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। यह वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



इसके अलावा, रोजगार आधारित कृषि सेक्टर एवं एग्रो-फॉरेस्ट प्रोसेसिंग के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि विकास को गति देने के उद्देश्य से कई प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को बजट में शामिल किया गया है। सरगुजा-जशपुर विकास प्राधिकरण तथा बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए 75-75 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 'बस्तर-सरगुजा ओलंपिक' के आयोजन हेतु 5-5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।बस्तर नेट परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपए तथा मुख्यमंत्री बस सेवा योजना के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बकरी पालन, शूकर पालन एवं मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जिससे ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे।

# छत्तीसगढ़ सरकार का बजट-2026 दंतेवाड़ा क्षेत्र के लिए विकास की नई सौगात : राजेश कश्यप

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 26 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 का बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जिला मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राजेश कश्यप ने कहा कि इस बजट में दंतेवाड़ा क्षेत्र एवं बस्तर संभाग के समग्र विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों के लिए विशेष राशि स्वीकृत की गई है, जिससे दूरस्थ ग्रामों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जाएगा।



शिक्षा के क्षेत्र में नवीन विद्यालय भवन, छात्रावास एवं डिजिटल शिक्षा सुविधाओं के विस्तार का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु जिला अस्पताल के उन्नयन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों की वृद्धि तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु बजट प्रावधान किए गए हैं। कृषि एवं सिंचाई के लिए लघु सिंचाई योजनाओं, नलकूप निर्माण तथा किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों पर अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों एवं रोजगारपरक योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी संगठन ने इस जनहितैषी एवं विकासोन्मुख बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य करेगा। भाजपा संगठन का विश्वास है कि दंतेवाड़ा क्षेत्र में अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

राजेश कश्यप ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा तथा दंतेवाड़ा सहित पूरे प्रदेश में विकास और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने कृषि,उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के फील्ड अधिकारियों की ली बैठक



**दंतेवाड़ा, 26 फरवरी ।** जिला कार्यालय के भवन के सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत कृषि, उद्यानिकी,मत्स्य,पशुधन सहित अन्य संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी विभागों से योजना के संदर्भ में उन्हें दिये लक्ष्यों की पूर्ति तथा लक्ष्य पूर्ति में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आगामी खरीफ सीजन से के पूर्व कार्ययोजना तैयार कर लेवें ताकि मानसून के आगमन के साथ ही आवश्यक कार्य त्वरित किया जा सके। अभी से ही हम लक्ष्य की पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर लेवें तो आगामी वर्ष तक हम योजना के तहत उत्साह जनक प्रगति को प्राप्त कर सकेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग को एग्रिस्टेक पंजीयन शत प्रतिशत किये जाने, धान के अलावा फसलों के क्षेत्र विस्तार, बीआरसी सेंटर में जैविक सामग्री उत्पादन, उद्यानिकी विभाग के अन्तर्गत नये नर्सरी विकसित किये जाने,सब्जी क्षेत्र विस्तार को बढ़ाने, मल्चिंग क्षेत्र विस्तार, शेड नेट निर्माण के साथ-साथ प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अन्तर्गत प्रकरणों में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयल पॉम क्षेत्र विस्तार हेतु प्रत्येक मैदानी कर्मचारी जून-जुलाई से पूर्व कम-कम 1 हजार हेक्टेयर भूमि, जल आपूर्ति युक्त क्षेत्र का चिन्हांकन करने के साथ किसानों को मोबिलाइज करें। इस क्रम में पशुधन विकास विभाग को भी डेयरी उत्पादन हेतु हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं दुग्ध उत्पादन और आपूर्ति सम्भावना क्षेत्रों के लिए कार्ययोजना पूर्व तैयार करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने आगामी बैठक तक दिए गए निर्देशों के परिपालन के संबंध में पर्याप्त कार्यवाही करने को भी कहा। बैठक के दौरान उप संचालक कृषि श्री सूरज पंसारी, उद्यानिकी विभाग सहायक संचालक श्री मीना मंडावी, उप संचालक पशुधन विकास डॉ श्यामा मालवीय सहित मैदानी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अंतागढ़ में श्रमिक सम्मेलन में जिले के 7930 श्रमिकों को किया गया लाभान्वित



**कांकेर, 26 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के निर्देशानुसार श्रमिक सम्मेलन-2026 का आयोजन सामुदायिक भवन अंतागढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग द्वारा की गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अन्तर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से राशि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया। श्रमिक सम्मेलन में उपस्थित सांसद श्री नाग ने सभी उपस्थित श्रमिकों और उनके परिजनों को विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही योजनाओं के संबंध में जागरूक होने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री नाग ने भी श्रमिकों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। श्रम पदाधिकारी ने जानकारी दी है कि श्रमिक सम्मेलन में जिले के कुल 7930 श्रमिकों को कुल 02 करोड़ 29 लाख 17 हजार 100 रूपये से लाभान्वित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 101 हितग्राहियों को 20 लाख 20 हजार रूपए, मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत 89 महिला हितग्राहियों को 17 लाख 80 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 50 हितग्राहियों को 02 लाख 59 हजार 100 रूपये, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजनांतर्गत 28 हितग्राहियों को 05 लाख 60 हजार रूपये, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 19 श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को 01 महिला हितग्राही को 01 लाख रूपये डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से प्रदाय किया गया।

### आत्मसमर्पित माओवादियों को कृषि विभाग चौगेल कैंप में दे रहा प्रशिक्षण

**कांकेर, 26 फरवरी ।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम चौगेल कैंप में आत्मसमर्पित 40 महिला एवं पुरुष माओवादियों को ड्राइविंग, सिलाई, काष्ठशिल्प इलेक्ट्रिशियन के साथ-साथ कृषि आधारित आजीविका पर कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि समाज की मुख्यधारा में लौटने के बाद वे रोजगार से जुड़ सकें और आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक जीवन-यापन कर सकें। इसी कड़ी में कृषि विभाग द्वारा कृषि क्षेत्र में आजीविका के साधन के उद्देश्य से 25 से 27 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण आत्मसमर्पित माओवादियों को दिया जा रहा है।उप संचालक कृषि जितेंद्र कोमरा ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि कृषि विभाग में संचालित विभिन्न रोजगारमूलक योजना जैसे राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना, कृषक उन्नत्ति योजना, बीज उत्पादन योजना, कृषि यंत्र उपकरण, एग्रीकल्चर सब मिशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, लाभकारी फसलें दलहन, तिलहन, रागी, कोदो, कुटकी एवं मक्का की आधुनिक खेती शामिल है। इसी प्रकार सब्जी उत्पादन, फूलों की खेती, पशुपालन विभाग अंतर्गत मुर्गी पालन, शूकर पालन, बकरी पालन, दुग्ध व्यवसाय, मछलीपालन इत्यादि आजीविकामूलक गतिविधियां शामिल हैं।

## एक नजर

### चौगेल पुनर्वास केंद्र में आत्मसमर्पित नक्सलियों ने हर्बल गुलाल निर्माण से लिखी कहानी



**कांकेर 26 फरवरी ।** जीवन में सकारात्मकता और सृजनात्मकता से दूरगामी परिणाम मिलते हैं। कभी हिंसा की राह पर चलने वाले आत्मसमर्पित माओवादी अब नवाचार की ओर आगे बढ़ रहे हैं तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण लेकर अपने भीतर छिपी प्रतिभा को निखार रहे हैं। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड मुख्यालय से लगे ग्राम चौगेल (मुल्ला) स्थित पुनर्वास केंद्र आज सकारात्मक परिवर्तन और आत्मनिर्भरता का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है। यहां पुनर्वासित आत्मसमर्पित माओवादियों द्वारा प्राकृतिक और हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है, जो उनके जीवन में नई आशा और सम्मान का संचार कर रहा है।एक समय मुख्यधारा से भटके ये युवा अब शासन की पुनर्वास नीति और जिला प्रशासन के सहयोग से जुड़ चुके हैं। इसके तहत उन्हें विभिन्न स्वरोजगारमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से एक हर्बल उत्पाद निर्माण विशेष रूप से शामिल है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पलाश के फूल, मेंहदी, हल्दी, सिंदूर बीज, चुकंदर एवं अन्य प्राकृतिक वन उत्पादों से रसायनमुक्त और त्वचा के लिए सुरक्षित गुलाल तैयार किया जा रहा है।इस पहल का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक स्वीकृति को भी बढ़ाना है। होली पर्व पर इस हर्बल गुलाल की मांग निरंतर हो रही है, जिससे जुड़े लोगों की आय में इजाफा हुआ है और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। पुनर्वास कैम्प में हर्बल गुलाल उत्पाद का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं आत्मसमर्पित माओवादी मानकी नेताम, सामको नुरूटी, उंगी कोर्राम, डाली सलाम, गेंजो हुपेंडी कु. काजल वेड़दा ने बताया कि यह काम उन्हें बेहद रूचिकर और अच्छा लग रहा है। होली त्यौहार के मद्देनजर हर्बल गुलाल की अधिक मांग है, इससे बेहतर आय होगी।

### शांति समिति की बैठक 27 फरवरी को

**कांकेर, 26 फरवरी ।** आगामी मार्च माह में होलिका दहन, होलिकोत्सव, रंग पंचमी, माता कर्मा जयंती, गुड़ी पाड़वा, चेट्रीचंड्र, ईदुल फितर, रामनवमी, महावीर जयंती सहित अप्रैल माह में डॉ. अम्बेडकर जयंती, चैत्र नवरात्रि एवं गुड फ्राइडे जैसे पर्व आयोजित होंगे। जिले में इन त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति सद्भाव बनाए रखने के लिए परिचर्चा एवं शांति समिति की बैठक शुक्रवार 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आहूत की गई है। उक्त बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ के बजट 26-27 को कहा 'कल्याणकारी बजट'

**कांकेर, 26 फरवरी ।** प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने मंगलवार 24 फरवरी को विधानसभा में छत्तीसगढ़ का आम बजट 2026-27 पेश किया, जिसे उन्होंने 'संकल्प से सिद्धि तक' का नाम दिया। उक्त बजट 1.72 लाख करोड़ रूपए के ऐतिहासिक बजट का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बजट पेश होने पर जिले के जनप्रतिनिधियों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे ऐतिहासिक तथा कल्याणकारी बताते हुए बस्तर के विकास के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ बजट निरूपित किया।

कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांकेर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का प्रावधान किया है, जो क्षेत्रवासियों की बरसों पुरानी मांग थीं। इसके बन जाने से बस्तर के युवाओं को बड़े अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि कांकेर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। यह बजट सभी सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो राज्य सरकार की कल्याणकारी मंशा को दर्शाता है।अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम देव उसेण्डी ने आम बजट की घोषणा होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों में तेजी जाएगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सिंचाई परियोजना की दिशा में बेहतर एवं समन्वित प्रयास को केन्द्रीत कर सुशासन के ध्येय से राज्य सरकार द्वारा आम बजट तैयार किया गया है।राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने इसे सर्वसमावेशी एवं सर्वग्राही बताया है।

# हेलिपैड निर्माण के विरोध में छात्रों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल,26 फरवरी।** किरन्दुल शासकीय अरविंद महाविद्यालय के अधिकार क्षेत्रान्तर्गत स्थित मैदान में जिला प्रशासन द्वारा करवाये जा रहे हेलिपैड निर्माण के विरोध में दो दिनों से कॉलेज छात्र एवं एनएसयूआई छात्र संगठन ने कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था । विगत दो दिनों से चल रही गहमागहमी के बाद आज जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामले का निपटारा किया गया । एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने बीते दिन आपत्ति दर्ज करवाते हुए कॉलेज के प्राचार्य से सवाल किए थे कि किसकी अनुमति से यह कॉलेज मैदान हेलिपैड निर्माण के लिए दिया गया । जिस पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओ में कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि अरविंद महाविद्यालय के एकमात्र मैदान मे बिना कॉलेज प्रबंधन से अनुमति प्रमाण पत्र लिये यह हेलिपैड निर्माण गलत है । अरविंद महाविद्यालय के छात्रों ने कहा कि अगर कॉलेज में कुछ निर्माण ही करवाना है तो हमे स्वच्छ जल, साफ शौचालय, कॉलेज के लिए छात्रावास और बाउंडरी वाल दिए जाएं जिसकी कॉलेज परिसर में सख्त जरूरत है जबकि इस हेलिपैड निर्माण से हमे हमारे ग्राउंड से भी हाँथ धोना पड़ेगा । छात्रों ने कहा कि यह एकमात्र मैदान जहाँ पर हमारा वार्षिक महोत्सव एवं खेल - कार्यक्रम होता है और यहां पर भी अगर हेलीपेड बन जायेगा तो हम कहा जाएंगे । छात्रों ने आगे कहा कि अगर हफ्ता भर में यह निर्माण बंद कर मैदान को यथावत नही किया गया तो वे सभी स्वयं मिलकर इस इस हेलिपैड को तोड़ेंगे । इस विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई कार्यकर्ता के तरफ से राकेश मंडावी, वेदांत पाण्डेय, त्रिशांक ठाकुर, कविश कर्मा, ऋषभ साहू, आयुष, अभिषेक सिंह, वरुण ठाकुर, जय रेड्डी, हेमलाल एवं अन्य कार्यकर्ता सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थी।



# साहित्यकार समाज का दर्द लिखता है:तांडेकर



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 26 फरवरी।** राष्ट्रीय समता साहित्य अकादमी इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा राजधानी में अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.डीएस तांडेकर के मुख्य आतिथ्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय कवि के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया व अपर कमिश्नर जांगड़े के विशेष आतिथ्य में अकादमी का अधिवेशन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तांडेकर ने कहा कि साहित्यकार राष्ट्र जागरण समाज समता का प्रहरी होता है साहित्यकार समाज का दर्द लिखता है और समता मूलक समृद्ध राष्ट्र बनाने में योगदान देता है। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश ठाकुर ने देश समाज संस्कृति मानवता का प्रतिबिंब साहित्य को बतलाते हुए सभी विधा कला क्षेत्र शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने एवं सम्मानित करने हेतु अग्रसर होने के अपने संकल्प को दोहराया। जन साधारण के मान सम्मान बनाये रखने के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र से आमंत्रित राष्ट्रीय कवि गीतकार ने कवि सम्मेलन में काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिए। उज्जैन के राष्ट्रीय कवि डॉ. रमेश चांगेसिया प्रभात ने शबरी माँ के झूठे बेर में भी राम मिलेगा से समा बांध दिया। अंतराष्ट्रीय कवि रमेश विशवहार ने हिन्दी और छत्तीसगढ़ी कविताओं से खूब दाद बटोरी। खरगोन के बी मनसारे कवि दीपक खरे, अरविंद तिवारी, कवियत्री श्रीमती माधुरी पंडा ने कविता पाठ किया। खरगोन के साहित्यकार के बी मनसारे में माँ नर्मदा देवी वे अहिल्या का चित्र भेंटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. टांडेकर एवं मध्यप्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया का अभिनंदन किया। आभार व्यक्त ठाकुर ने किया। संचालन श्रीमती माधुरी पंडा ने किया। इस अवसर पर उल्लेखनीय साहित्य सेवा, कला संस्कृति को समर्पित प्रतिभाओं का सारस्वत सम्मान में 82 प्रतिभाओं को अलंकृत किया गया।

### जिले में राशन भंडारण एवं वितरण सुचारू रूप से जारी

**महासमुंद 26 फरवरी ।** जिला प्रबंधक छ्त्तस्नक्र ने बताया कि विकासखंड महासमुंद अंतर्गत संचालित कुल 130 उचित मूल्य दुकानों हेतु खाद्य संचालनालय, रायपुर द्वारा माह फरवरी 2026 के लिए जारी आबंटन के विरुद्ध सभी दुकानों में चावल का भंडारण पूर्ण करा लिया गया है। साथ ही, उपलब्धता के अनुसार शक्कर का भंडारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी 2026 को माह मार्च 2026 हेतु प्राप्त आबंटन के चावल का भंडारण कार्य भी प्रगतिशील अवस्था में है। उचित मूल्य दुकान बिरकोनी, तुमगांव एवं अछोली नवागांव में भी चावल का भंडारण किया जा चुका है। आबंटन मात्रा अधिक होने एवं दुकानों में उपलब्ध स्थान के अनुरूप चरणबद्ध रूप से भंडारण किया जा रहा है।

# साईं मंदिर में गार्ड को बंधक बनाकर छत्र,जेवर की चोरी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,26 फरवरी।** भिलाई टाउनशिप के सेक्टर-6 स्थित साईं मंदिर में नकाबपोश चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर मंदिर में प्रवेश किया और सुरक्षा कर्मी से मारपीट कर बंधक बनाकर छत्र समेत सोने और चांदी के आभूषण की चोरी कर ली। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को भी डेमेज करने का प्रयास किया है। फिर भी उनकी गतिविधि कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात को कुछ नकाबपोश बदमाश साईं मंदिर में घुसे और पहले गार्ड को बांधा और उसकी पिटाई करने के बाद मंदिर में चोरी की। नकाबपोश बदमाश साई बाबा की प्रतिमा में चढ़े छत्र समेत सोने - चांदी के आभूषण व अन्य सामान ले उड़े। गुरुवार सुबह मंदिर खुलने के बाद चोरी का पता चला घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर ) और भिलाई नगर सीएसपी डीएसपी एसीसीयू यदु मानी व भिलाई नगर टीआई पूरी टीम के साथ पहुंचे डॉग स्क्वायड की ओर से भी मंदिर परिसर की जांच की गई उल्लेखनीय है कि सेक्टर -6 का साईं मंदिर चढ़ावे के नजरिए से शहर का का प्रमुख मंदिर है और यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना होता है दान पेटी में भी प्रतिदिन हजारों का चढ़ावा चढ़ता है। साईं की प्रतिमा को चांदी के जेवरों से सजाया गया है। बुधवार आधी रात के बाद ढाई से तीन बजे के बीच साई मंदिर में चोरी हुई सीसीटीवी फुटेज में पुलिस ने नकाबपोश बदमाशों को प्रवेश करते देखा बदमाशों ने गार्ड को बांधा और उसकी पिटाई की बदमाशों ने चोरी से पहले सीसी टीवी कैमरों को ढ़कने का प्रयास किया। इसके लिए घोड़ी का सहारा लिया इस के बाद साईं की प्रतिमा पर लगे जेवर व अन्य सामान सहित नगदी भी ले गए। पुलिस की पूछताछ में मंदिर समिति के लोग यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि क्या क्या चोरी हुआ है। यहां तक की मंदिर का पुजारी भी यह नहीं बता पा रहा है कि प्रतिमा पर कौन कौन से जेवर चढ़े हुए थे भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि बुधवार आधी रात के बाद लगभग 2-30 से 3 बजे के बीच तीन से चार नकाबपोश बदमाश मंदिर में घुसे। यहां एक गार्ड है जिसे बांधकर मारपीट भी गई है चोरों ने मंदिर के गर्भगृह से प्रतिमा पर लगे आभूषण व छत्र लेकर गए है। चोरी के सामान की कीमत का आंकलन किया जा रहा है चोर अभी अज्ञात है। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पतासाजी की जा रही है।




# एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र और आईआईटी हैदराबाद के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए हुआ समझौता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**हैदराबाद, 26 फरवरी।** जिम्मेवार खनिक एनएमडीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने भारत के खनिज और धातु क्षेत्र के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्णकदम के रूप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद आईआईटीएच के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर किए हैं। खनिज प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक आरएंडडी संजीव साही और आईआईटी हैदराबाद के डीन प्रायोजित अनुसंधान और परामर्श ने आईआईटी हैदराबाद के निदेशक प्रो. बीएस मूर्ति की उपस्थिति में समझौताज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । यह साझेदारी फील्ड की विशेषज्ञता और अकादमिक उत्कृष्टता के बीच एक मजबूत सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है। एनएमडीसी और आईआईटी हैदराबाद एक साथ मिलकर लौहअयस्क बेनीफिशिएशन और एग्लोमेरेशनए हरित इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकियोंए स्वदेशी कच्चेमाल का उपयोग करके वैकल्पिक लौह निर्माण, और खनन और धातुकर्म प्रक्रियाओं के उन्नत मॉडलिंग और सिमुलेशन में अनुसंधान को आगे बढ़ाएंगे। यह सहयोग प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों से महत्वपूर्ण और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के उत्खनन में नए रास्ते भीबनाए गए जिससे भारत की खनिज सुरक्षा और संसाधन उपलब्धता सुदृढ होगी। खनन क्षेत्र में तेजी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन के साथ संरेखित एमओयू स्वायत्त वाहन चालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटरनेट ऑफ थिंग्स आईओटी माइनिंग 4.0 फ्रेमवर्क और ड्रोन सक्षम सर्वेक्षण और निगरानी में अनुसंधान और पायलट पहलों को चलाएगा। परिचालन शक्ति को अनुसंधान संचालित नवाचार के साथ एकीकृत करके गठजोड का उद्देश्य टिकाऊ प्रौद्योगिकी चालित समाधान प्रदान करना है जो भारत के विकासशील खनिज परिदृश्य में दक्षता उत्पादकता और पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ाता है। अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एनएमडीसी ने समझौता ज्ञापन संपन्नहोने के अवसर पर कहा आईआईटी हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन उद्योग अकादमिक गठजो नवाचार के प्रति एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। आईआईटी हैदराबाद की अनुसंधान उत्कृष्टता और एनएमडीसी की डोमेन विशेषज्ञता का लाभ उठाकर यह साझेदारी खननए खनिज प्रसंस्करण और उभरते क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को आगेबढ़ाएगी जो सतत विकास और आत्मनिर्भर भारत के विजन में योगदान देगी। यह साझेदारी नवाचार संचालित विकास के लिए एनएमडीसी की प्रतिबद्धता और अनुसंधान को प्रभावशाली औद्योगिक अनुप्रयोगों में बदलने में आईआईटी हैदराबाद की भूमिका को रेखांकित करती है। दोनो संस्थान साथ मिलकर आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीयविवन में योगदान देंगे।

विशेष रूप सेए यह सहयोग एक ऐतिहासिक क्षण में आया है क्योंकिएनएमडीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने भारत के खनिज विकास के इतिहास में समर्पित योगदान के 50 वर्ष पूरे किए हैं जो अनुसंधान में उत्कृष्टता की अपनी विरासत और तकनीकी उन्नति के अपने निरंतर प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करता है।



### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर कहा

# राजस्व मामलों का न्यायोचित,पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 26 फरवरी।** जिले में राजस्व मामलों के त्वरित और पारदर्शी निराकरण को लेकर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक प्रकरण का न्यायोचित, पारदर्शी और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामले सीधे आम नागरिकों के हितों से जुड़े होते हैं, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

कलेक्टर ने बैठक में तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, भू-अभिलेख, भू-अर्जन, वन अधिकार पट्टा नामांतरण, बंटवारा एवं खाता विभाजन जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि कुल 10,661 प्रकरण दर्ज हुए थे, जिनमें से 8,486 का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 2,175 प्रकरण लंबित हैं। इनमें से 89 प्रकरण समय-सीमा से बाहर हैं। कलेक्टर ने सभी लंबित और समय-सीमा पार मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के मामलों को पंचायत स्तर पर ही अनिवार्य रूप से निपटाने के निर्देश भी दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक कार्यालयी चक्कर न लगाने पड़ें।कलेक्टर ने आरआरसी, ऋण वसूली, राष्ट्रीय अभियान एवं जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने के लिए विभागीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग से संबंधित उचित मूल्य दुकानों में भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गई कमी की भरपाई एवं वसूली के लिए 7 दिनों के भीतर प्रगति लाने को कहा गया। उन्होंने आदिम जाति विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर वन अधिकार पत्र और फौती नामांतरण के लंबित मामलों को भी प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में पदस्थ अतिरिक्त कलेक्टर को क्षेत्र भ्रमण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय कार्यालय स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी माह से ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों की तैयारी सुनिश्चित करने हेतु जिला पंचायत सीईओ, सीएमएचओ, महिला एवं बाल विकास, श्रम, लीड बैंक अधिकारी, कृषि सहित सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, श्री रवि राही, डॉ. प्रियंका वर्मा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हादसे रोकने रेडियम वाले बैरियर लगाए




**अंवरी, 26 फरवरी।** भखारा रोड में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में महेश शिशिर सेठिया ज्वेलर्स परिवार द्वारा पुलिस थाना भखारा को रेडियम रिफ्लेक्टर युक्त रोड सुरक्षा बैरियर प्रदान किए गए। इन बैरियरों के लगाए जाने से रात्रि में दृश्यता बढ़ेगी और दुर्घटनाओं की आशंका में कमी आएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार की जनभागीदारी से नगर में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने आमजन से भी सड़क सुरक्षा सावधानी को अपनाने की अपील की।इस अवसर पर थाना प्रभारी समीर तिवारी ने सेठिया ज्वेलर्स परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही सड़क सुरक्षा जैसे अभियानों को मजबूती मिलती है। उन्होंने बताया कि इन बैरियरों को दुर्घटना संभावित स्थलों पर प्राथमिकता से लगाया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया।नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। रेट्रो रेडियम रिफ्लेक्टर युक्त बैरियर रात्रि में राहगीरों और वाहन चालकों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। सेठिया ज्वेलर्स परिवार की सामाजिक प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए छबिलाल निर्मलकर एवं जितेंद्र साहू ने कहा कि ऐसे सहयोग से निश्चित ही दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।इस अवसर पर पार्षद छबिलाल निर्मलकर, जितेंद्र साहू,भखारा थाना प्रभारी समीर तिवारी, सहा. उप. निरी. कमिलचंद सोरी, प्रधान आरक्षक भूपेश सिन्हा, आरक्षक ईश्वर साहू, होमेंद्र ध्रुव, दुष्यंत सिन्हा, महिला आरक्षक संतोषी साहू अमृता आदि सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज और प्रशासन के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया इसके पूर्व रिफ्लेक्टर को मौली बांधकर पूजा अर्चना कर लोकार्पित किया गया।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 26 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई रानीतरई थाना क्षेत्र के खेत में पानी डालने को लेकर विवाद के बाद अधेड़ की हत्या करने वाले को रानीतरई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है घटना का खुलासा करते हुए रानीतरई प्रभारी कमलेश सिंह सेंगर ने बताया कि ग्राम कँवरा में खेत में पानी डालने की बात को लेकर रंजिश के कारण धारदार हथियार से अमर सिंह साहू के सिर, गर्दन पर हथिार से हमला किया था घटना में अधेड़ की मौत हो गई घटना ग्राम केंवरा स्थित खेत की है। सूचना पर रानीतरई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जांच में मृतक अमर सिंह के जांच में पुलिस को मिला कि खेत में पानी डालने की बात को लेकर आरोपी ग्राम केंवरा निवासी मोहनलाल सिन्हा और मृतक का पहले से विवाद चल रहा था मौका मिलते ही आरोपी को मौत के घाट उतार दिया। घटनास्थल निरीक्षण व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मोहन को पहले पकड़ा गया। पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि रंजिश के कारण अमर सिंह को रास्ते से हटाया गया पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि आपसी विवादों का समाधान कानूनी माध्यम से करें कानून अपने हाथ में न लें किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# जिला जेल में बंदियों को मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण प्रारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 फरवरी ।** महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ के निर्देशानुसार निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल रायगढ़ में बंदियों के कौशल विकास के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। एसबीआई आरसेटी के विशेष सहयोग से आयोजित यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बंदियों को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में 35 बंदियों का पंजीयन किया गया है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें ऐसा व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है, जिससे वे रिहाई के बाद सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। बंदियों को कंपोस्ट तैयार करने की विधि, स्पॉन (बीज) डालने की तकनीक, तापमान एवं नमी संतुलन बनाए रखने, फसल की देखभाल तथा तैयार उत्पाद के विपणन संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षकों के अनुसार मशरूम उत्पादन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है, जिसे छोटे स्तर पर भी आसानी से प्रारंभ किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण न केवल बंदियों के आत्मविश्वास में वृद्धि करेगा, बल्कि उनके सामाजिक पुनर्वास की प्रक्रिया को भी सशक्त बनाएगा। जेल प्रशासन ने जानकारी दी कि भविष्य में भी बंदियों के सर्वांगीण विकास और पुनर्वास के लिए इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### गिरौदपुरी धाम तीर्थ यात्रा के लिए 24बसों को श्वेत झंडी दिखाई गई

**राजनांदगांव।** सामाजिक समरसता और आस्था के प्रतीक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की पावन जन्मस्थल गिरौदपुरी धाम के दर्शन हेतु जिला भाजपा कार्यालय से भव्य तीर्थ यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के लिए 24 बसों में लगभग 1500 श्रद्धालु सामाजिक बंधु रवाना हुए। ज्ञात हो की इसी समय में गिरौदपुरी में भव्य रूप से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें यह सभी श्रद्धालु शामिल हो सके।इस तीर्थ स्थल के विकास और निर्माण का श्रेय प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जाता है। उनके सौजन्य से गिरौदपुरी धाम को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया तथा सामाजिक बंधुओं को पुण्यभूमि के दर्शन हेतु सुव्यवस्थित तीर्थ यात्रा की व्यवस्था प्रारंभ की गई जिसका लाभ हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष प्राप्त कर रहे हैं।

# लाइवलीहुड कालेज में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ, 26 फरवरी।** प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कालेज में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। शेष बची सीटों की पूर्ति के लिए इ'छुक युवक.युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कालेज ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज में इस सत्र में इलेक्ट्रिशियन 10वीं उत्तीर्ण एवं इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन 8वीं उत्तीर्ण पाठ्यक्रमों में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। संस्थान द्वारा स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों के आवागमन के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई गई हैए जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत सफल अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

इच्छुक युवक-युवतियां समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ लाईवलीहुड कालेज केआईटी कॉलेज के पासए अग्रसेन आईटीआई के बगल मेंए उड़ीसा रोड गढ़उमरिया रायगढ़ में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क नंबर 9420166×69 एवं 799975×179 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जिला जेल में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 फरवरी ।** महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ के निर्देशानुसार निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत बंदियों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक श्री जी.एस. शोरी की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम में 490 बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बंदियों को सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना एवं उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। प्रशिक्षित योगाचार्य श्री राजेश कन्नोजिया द्वारा बंदियों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम सहित विभिन्न योग क्रियाएं कराई गईं। योग विशेषज्ञ ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता एवं अवसाद में कमी आती है तथा आत्मानुशासन, संयम और सकारात्मक सोच का विकास होता है। इस प्रकार के आयोजनों से बंदियों में आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन एवं नई दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

# शिविर में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 फरवरी।** जिला स्वास्थ्य समिति व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में रायगढ़ शहरी क्षेत्र के मांगलिक भवन, अतरमुड़ा वार्ड क्रमांक 26 में सास-बहू सम्मेलन एवं निःशुल्क आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद सरिता राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहीं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पार्षद सरिता राजेंद्र ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू आयुष्मान योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश के हर वर्ग को गंभीर बीमारियों के उपचार में सहायता मिल रही है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के कार्य की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों के समुचित विकास के लिए सही पोषण और विटामिन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने परिवार नियोजन के महत्व पर बल देते हुए नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दीराज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा के संचालन में शिविर में नागरिकों के लिए विभिन्न विशेषज्ञ काउंटर लगाए गए, जिनमें गैर संचारी रोग (शुगर व बीपी जांच), मातृ स्वास्थ्य परीक्षण, वयोवृद्ध सेवा, शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, नेत्र जांच, कुष्ठ एवं क्षय रोग जांच, एचआईवी जांच, फाइलेरिया कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन तथा निःशुल्क दवा वितरण शामिल थे। बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं अन्य नागरिकों ने इन सेवाओं का लाभ उठाया।

### परिवार नियोजन, आयुष्मान योजना व पोषण का ख्याल रखने पर विशेष जोर

शिविर के दौरान पुरुष नसबंदी पखवाड़े की शुरुआत की गई तथा सास-बहू सम्मेलन के माध्यम से परिवार नियोजन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। साथ ही आयुष्मान कार्ड, पोषण एवं विटामिन-ए से संबंधित जागरूकता भी लोगों तक पहुंचाई गई। शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में डॉ. सोनाली मेश्राम, सेक्टर चिकित्सा अधिकारी, शहरी समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, सुपरवाइजर एवं मितानिन प्रशिक्षकों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# संत गाडगे सामाजिक समरसता और मानवता के सच्चे हितैषी थे: शिवरतन शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 26 फरवरी।** विधानसभा क्षेत्र के सिंगारपुर में संत श्री गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने सम्मिलित होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की शिवरतन शर्मा ने उपस्थित जनों को सम्बोधित कर कहा की संत गाडगे जी महाराज का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, स्वच्छता अभियान और अंधविश्वास उन्मूलन के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श और विचार आज भी हमें सेवा, समर्पण और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं।।शिवरतन शर्मा ने बताया कि संत गाडगे बाबा का जन्म 23 फरवरी, 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगांव में एक निर्धन परिवार में हुआ था। उन्होंने अत्यंत विषम परिस्थितियों में रहते हुए भी अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। बाबा ने जन-सहयोग से अनेक स्कूलों, अस्पतालों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।शर्मा ने आगे कहा कि संत गाडगे बाबा सामाजिक समरसता और मानवता के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने अंधविश्वास और कुरीतियों के खिलाफ जो अलख जगाई, वह अविस्मरणीय है। आज के समय में उनकी जीवनी और सिद्धांतों से सीख लेना अत्यंत आवश्यक है इस अवसर पर सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# एसीबी ने प्राचार्य को 15 हजार की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 26 फरवरी।** दिव्यांग व्याख्याता से 15 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए हायर सेकेंडरी स्कूल मोपका के प्राचार्य आर.एन.बया को एसीबी की टीम ने भाटापारा रेल्वे के नजदीक पेट्रोल पंप के पास रंगे हाथ पकडा इस कार्यवाही के दौरान एंटी करप्शन ब्यूरो के निरीक्षक सुरेश सोनी के द्वारा रंगे हाथ पकडा गया ।जानकारी के अनुसार प्रार्थी खेमेश्वर डांडे जो कि मोपका मे व्याख्याता के पद पर पदस्थ है कुछ वर्ष पूर्व एक दुर्घटना मे वह दिव्यांग हो गया और उसे हर माह उसकी सैलरी निकालने मे प्राचार्य द्वारा उसे घुमाया व परेशान किया जाता था कुछ माह पूर्व दस हजार रूपये वेतन आहरण के नाम पर उससे लिया गया था पिछले छः माह से उसके वेतन को रोककर रखा गया था और वह वरिष्ठ अधिकारीयों को भी इस बात की जानकारी दी थी जब उसकी समस्या का कोई हल नही निकला तो उसने इस बात की शिकायत एंटीकरप्शन ब्यूरो के कार्यालय मे की जहां कि वह प्राचार्य को रंगे हाथों पकडाने मे कामयाब रहा आरोपी प्राचार्य बया के खिलाफ धारा 7पीसी एक्ट 1988 यथा संसोधित अधिनियम के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।वहीं इस संबंध मे जिला शिक्षा अधिकारी .संजय गुहा के द्वारा प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है उक्त प्राचार्य बया जो कि दो तीन स्कूलों का प्रभारी भी है और उसी के हस्ताक्षर से वेतन निकलता था। इस मामले मे आगे की जांच की जा रही है ।

# पुलिस ने 31 दोपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 फरवरी।** चंगोरा भाठा रायपुर के रहने वाले ई. पापा राव ने भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा किया, लेकिन पोकलेन के हाइड्रोलिक मैकेनिक को दोपहिया वाहन चुराने का ऐसा शौक लगा कि दो वर्षों में उसने 31 लाख के 31 वाहन चुरा लिए। खास बात यह है कि आरोपी ने भिलाई-रायपुर के अलावा बीएसपी के गेट से सबसे ज्यादा होंडा साइन की चोरियां की है। वाहन चुराने के बाद उसे कुनकुरी (जिला जशपुर) क्षेत्र में ले जाकर अपने सहयोगियों के माध्यम से खपाता था। बुधवार को राज्यस्तरीय दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि भिलाई-दुर्ग क्षेत्र में वर्ष 2024 से लगातार दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं हो रही थी। विशेष रूप से बीएसपी के मुख्य गेट स्थित दोपहिया पार्किंग तथा भट्ठी क्षेत्र को आरोपी ने निशाना बनाया था इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरणों की समीक्षा, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी ई. पापा राव निवासी कुशालपुर चंगोरा भाठा जिला रायपुर को चिन्हित कर गिरफ्तार किया पूछताछ में आरोपी ने बताया गया कि वह स्वयं वाहन चोरी कर उन्हें कुनकुरी (जिला जशपुर) क्षेत्र में ले जाकर अपने सहयोगियों के माध्यम से खपाता था। चोरी के वाहनों को मनोज राम निवासी कुनकुरी जिला जशपुर एवं राम सेवक प्रजापति उर्फ रवि तथा अन्य सहयोगियों के माध्यम से बेचने की प्रक्रिया अपनाई जाती थी मुख्य आरोपी ई. पापा राव भोपाल से मेकनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा है और पोकलेन का हाइड्रोलिक मैकेनिक है जांच के दौरान कुल 31 दोपहिया वाहन, अनुमानित कीमत लगभग 31 लाख रुपये जब्त किए गए। इनमें भिलाई-भट्ठी क्षेत्र की 13 गाड़ियां, छावनी थाना क्षेत्र की 3 गाड़ियां, रायपुर क्षेत्र की 2 गाड़ियां तथा 3 ऐसे दोपहिया वाहन शामिल हैं जिनके दस्तावेज पंजीबद्ध नहीं पाए। पत्रवार्ता में ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, भट्ठी टीआई प्रकाशकांत उपस्थित थे रायपुर में 30 लाख का मकान बनाया आरोपी होंडा साइन व अन्य लोकप्रिय दोपहिया वाहनों को टार्गेट बनाता था आरोपी ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि होंडा साइन बाइक का लॉक तोडने में उसे आसानी होती थी, इस लिए वह सिर्फ होंडा साइन बाइक ही सबसे ज्यादा चुराता था जांच में पता चला कि आरोपी ने रायपुर में 30 लाख का घर बनाया है ई पापा राव के बच्चे शहर के बड़े स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं आरोपी खुद भी एक पैर से दुर्बल है बावजूद वह गाड़ी चोरी की वारदात को सफाई से अंजाम देता और मौके से फरार हो जाता था आरोपियों ने इसलिए चुना बीएसपी मुख्य गेट का पार्किंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी पूर्व में ठेका श्रमिक के रूप में प्लांट में काम करता था जांच में यह बात सामने आयी कि आरोपी ई पापा राव रायपुर से भिलाई आता-जाता था उसने बीएसपी मुख्य गेट का पार्किंग और भिलाई भ?ट्ठी क्षेत्र में रखी गाड़ियों को निशाना बनाता था 19 बाइक मेन गेट के बाहर पार्किंग से चोरी आकड़ों पर नजर डालें तो 1 जनवरी से 14 दिसंबर 2025 के बीच कुल 31 बाइक की चोरी हुई। इनमें सबसे ज्यादा 19 बाइक बीएसपी के मेन गेट के बाहर बनी पार्किंग से चोरी हुई हैं, जबकि 4 बाइक बीएसपी के बोरिया गेट की पार्किंग से गायब हुए थे। इसके अलावा गणेश पूजा के दौरान गणेश पंडाल से 2 बाइक चोरी हुई। सेक्टर-1 गार्डन से भी 2 बाइक चोरी की घटनाएं दर्ज की गई। वहीं प्लांट के अंदर बिलेट यार्ड कंट्रोल रूम के बाहर से 1 बाइक, सेक्टर-3 के चाइना मार्केट से 1 बाइक चोरी हुई थी।

# कलेक्टर ने बच्चों व युवाओं को सामूहिक दवा सेवन के लिये किया प्रेरित

## युवाओं को दिये कैरियर सम्बंधित महत्वपूर्ण टिप्स

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 फ़रवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पाठशाला स्कूल के बच्चों एवं मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्राओं को सामूहिक दवा सेवन के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों और छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली वितरित की जिसे बच्चों और छात्राओं ने सेवन किया।

कलेक्टर ने महाविद्यालय में कहा कि दवा सेवन से हाथी पाँव बीमारी को रोका जा सकता है। एहतियात के तौर पर यह दवाई दी जा रही है। यह अभियान हर साल स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जाता है। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह दवाई लेनी है ताकि अगले 3 -4 साल में जिले को फ़ाइलेरियामुक्त जिला बना सकें। आप स्वयं दवा खाएं और आस - पास के लोगों को भी दवा सेवन के बारे में बताये।

कलेक्टर ने महाविद्यालय के छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए कि जिस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते है उसकी पूर्व जानकारी के साथ पूरी लगन से तैयारी करें। प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़े। जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सीएसआर मद से कोचिंग सुविधा दी जा रही है। हम होंगे कामयाब अंतर्गत रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में जिला अर्थशाला शुरू किया गया है जहां बिजनेस और वित्त से सबंधित जानकारी दी जा रही है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



# बजट में किसानों, महिलाओं व युवाओं के लिए बड़ा पैकेज : चंद्रकला वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 26 फरवरी।** भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बजट 2026-27 जनकल्याण और विकास को समर्पित है। इस बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं और कर्मचारियों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उक्त बात नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने कही मति वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन बधाई के पात्र है स्थानीय विधायक टंक राम वर्मा कैबिनेट मंत्री ने बलौदा बाजार विधान सभा के तिल्दा नेवरा के विकास के लिय अनेक योजना इस बजट में सम्मिलित है मंत्री को बधाई दी हे नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने बताया कि कृषि और ग्रामीण विकास के लिय यह बजट - कृषि क्षेत्र के लिए 13, 500 करोड़ रुपये का प्रावधान- धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में कृषि को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए मुख्यमंत्री ने 13, 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है साथ ही - 23 नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना हेतु 250 करोड़ रुपये आवंटि- महतारी वंदन योजना के लिए 8, 200 करोड़ रुपये आवंटित,



250 महतारी सदन निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान, महिला सशक्तिकरण के लिए रानी दुर्गावती योजना - 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पालिका अध्यक्ष ने कहा कि - स्कूल शिक्षा के लिए कुल बजट का 13.5त्न प्रावधा- 5 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना- आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के लिए 182 करोड़ रुपये साथ ही - युवाओं के लिए 1, 097 करोड़ रुपये का प्रावधा- 23 नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए 250 करोड़ रुपये आवंटि- छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना की शुरुआत यह बजट छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और कर्मचारियों के सशक्तिकरण के साथ-साथ राज्य के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

# तिल्दा नेवरा में बड़े सट्टेबाजों पर कार्रवाई आखिर क्यों नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 26 फरवरी।** सट्टा कारोबार पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। पिछले दिनों कोहका नेवरा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पुलिस ने छापेमारी कर एक बड़े सटोरिये को गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लाखों रुपए नगद, कई बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री जप्त की थी।

इसी कार्रवाई के बाद से शहर में चर्चाओं का बाज़ार खासा गर्म है। बताया जा रहा है कि आज एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम तिल्दा पहुंची, जहां टीम ने करीब कई घंटे तक सट्टे के मामलों में संलिप्त लोगों से पूछताछ की।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी ने पूछताछ के दौरान तिल्दा-नेवरा के कई लोगों के नाम भी सामने रखे हैं। इसके बाद पुलिस की गतिविधियां तेज हो गई हैं और संबंधित व्यक्तियों की तलाश में टीम सक्रिय दिखाई दे रही है।

शहर में यह भी चर्चा है कि पुलिस द्वारा कुछ लोगों को पूछताछ के लिए उठाकर ले जाया गया है, हालांकि इसे लेकर अधिकृत पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एवं नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है।

अब देखना यह होगा कि पुलिस इस पूरे मामले को कितनी गंभीरता से आगे बढ़ाती है। क्या कार्रवाई आरोपियों तक पूरी तरह पहुंचेगी, या फिर राजनीतिक व अन्य दबावों के चलते मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा–यह आने वाले दिनों में साफ होगा।

# गिरौदपुरी मेले के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** बाबा गुरु घासीदास की पावन जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 22 से 24 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय भव्य संत समागम एवं गुरुदर्शन मेला का गरिमामय और शांतिपूर्ण समापन पर कलेक्टर दीपक सोनी ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। कलेक्टर ने मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मेला समिति, मेला से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एवं दर्शन के लिए आए लाखों श्रद्धालुओं और जिले के नागरिकों के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि आस्था के इस महाकुंभ में सभी के सहयोग से अनुशासन और सुरक्षा का वातावरण बना रहा, जिससे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन प्राप्त हुए। सोनी ने मेले की व्यवस्थाओं में



दिन-रात मुस्तैद रहे विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस बल और सेवादारों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई और यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने में पूरी टीम ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवकों के समर्पण को भी इस सफल आयोजन की मुख्य कड़ी बताया। कलेक्टर ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी इसी तरह के समन्वय और सेवा भाव के साथ गिरौदपुरी धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

# पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने कराना होगा ई-केवायसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार श्रम विभाग के विभिन्न हितग्राही मुलक योजनाओं का लाभ डीबीटी अंतरण के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र श्रमिकों तक सुनिश्चित रूप से पहूंचे, इसके लिए ई-केवायसी प्रक्रिया लागू कि गई है। पंजीकृत सभी, निर्माण, संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अपने पंजीयन का ई-केवायसी पूर्ण करवाना आवश्यक हैं।

श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राशन कार्ड डाटा का श्रमिक पंजीयन डाटा से मिलान किया जा रहा है, ताकि हितग्राहियों के पहचान की पुष्टि की जा सके। सत्यापन कि प्रक्रिया को चरणबध्द तरीके से संचालित किया जा रहा है। जिन श्रमिकों के आधार कार्ड एवं राशन कार्ड विवरण में समानता पाई जायेगी, उनका सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। जहां नाम या अन्य विवरण में आंशिक भिन्नता पाई जायेगी। वहां संबंधित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन एवं आवश्यक सुधार किया जायेगा। वर्तमान में 8429 श्रमिकों का ई-केवाईसी किया जाना है। पंजीकृत श्रमिकों से अपील है कि जिनके मोबाईल पर आधार एवं श्रम कार्ड डाटा में समानता नही पाये जाने के संबंध में संदेश प्राप्त होता हैं वह श्रम कार्यालय जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 में आकर अथवा उक्त सूची संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच/सचिव से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं अपने संबंधित पंचायत में जाकर आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य है।

# बजट निराशाजनक, गरीब, किसान, महिलाओं युवाओं के लिए कुछ भी नहीं : रिंकू भाटिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 26 फरवरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने बजट, पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। यह बजट सिर्फ आंकड़ों और घोषणाओं का पुलिंदा है, जबकि ज़मीनी सच्चाई यह है कि प्रदेश का किसान परेशान है, युवा रोजगार के लिए भटक रहे, हैं महिलाएं महंगाई से परेशान हैं और आम परिवार रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करने में जूझ रही है।



किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई सुविधाओं और फसल बीमा पर कोई ठोस और भरोसेमंद योजना सामने नहीं लाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य केंद्र और स्कूलों की स्थिति बदहाल है, लेकिन बजट में इन बुनियादी ज़रूरतों को प्राथमिकता नहीं दी गई।

प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। युवाओं के लिए स्थायी रोजगार, तकनीकी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की मंशा इस बजट में साफ नज़र नहीं आती। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी बजट आवंटन ज़रूरत के मुकाबले अपर्याप्त है।

महंगाई पर नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन, छोटे व्यापारियों और श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम इस बजट में नहीं दिखता। यह बजट गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के बजाय कुछ चुनिंदा वर्गों को राहत देने वाला प्रतीत होता है।

# गिरौदपुरीधाम में तीन दिवसीय संत समागम और गुरुदर्शन मेला उमंग व सद्भाव के साथ सम्पन्न

- मेले में प्रशासन की व्यवस्था एवं सुविधाओं की श्रद्धालुओं ने की सराहना
- 250 दाल भात केंद्रों में लगभग 3 लाख 90 हजार श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन
- मेडिकल कैम्प में 11946 लोगों की स्वास्थ्य जांच, 10 हजार से अधिक ने हेल्प डेस्क का लिया लाभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी में 22 से 24 फ़रवरी 2026 तक आयोजित तीन दिवसी संत समागम एवं गुरुदर्शन मेला मंगलवार को उमंग और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मुख्य मंदिर में मत्था टेका एवं गुरूगद्दी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मेले में इस बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा सुविधाओं में विस्तार किया गया जिसका श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। कलेक्टर दीपक सोनी ने शांतिपूर्ण एवं बेहतर ढंग से मेला सम्पन्न कराने में सहयोग के लिए मेला समिति, श्रद्धालुओं, मेला से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकों के प्रति आभार प्रकट किया है।

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस बार मेले में जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए परिसर में 84 सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग किया गया। मेला में 9 पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया था जिसकी सहायता से प्राप्त शिकायतों को त्वरित निराकरण किया गया। 8 अग्निशमन वाहन एवं 2 क्रेन की व्यवस्था की गई थी। 170 वायर लेस सेट। 1150 पुरुष एवं महिला पुलिस बल की तैनाती थी। इसी तरह 21 स्थानों पर 250 दाल-भात केन्द्र स्थापित किए गए थे, जिसमे प्रतिदिन लगभग 1 लाख 30 एवं 3 दिनों में 3 लाख 90 हजार श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया गया। 10 स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाया था जिसमें 149 मेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई थी एवं 10 एम्बुलेंस भी तैनात किए गए थे। मेडिकल कैम्प के ओपीडी में 21863 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके साथ ही आईपीडी में 83 लोगों का ईलाज किया गया।

मेला परिसर में विभिन्न स्थलों की सुलभ जानकारी हेतु वेबसाईट222.द्दद्धह्लड्ड्ढह्स्र-श्चह्वह्द्धद्दद्द्यड्ड.ष्श्चद्ध का निर्माण एवं मोबाइल एप्प लांच किया गया था। मोबाइल एप्प और वेबसाईट का क्यूआर कोड से एक्सेस की सुविधा हेतु जगह-जगह उक्त कोड को चस्पा किया गया था। 3 दिन में मेला के दौरान लगभग 85 हजार से अधिक श्रध्दालुओं ने वेबसाइट का प्रयोग किया एवं लगभग 15000 लोगों ने मोबाइल एप्प इंस्टाल किया। मेला परिसर में संचालित हेल्प डेस्क की सहायता से 33 गुमशुदा लोगों को उनके परिवार से मिलाया गया तथा लगभग 10 हजार 500 लोगों ने हेल्प डेस्क में पूछताछ का लाभ उठाया।

# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने सरकार के बजट को निराशाजनक बताया

- कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत परंतु पेंशन, वेतनमान व वेतन विसंगति पर निराशा
- छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को सहायक शिक्षकों के लिए बताया है निराशाजनक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे ने छग शासन द्वारा प्रस्तुत बजट में शासकीय सेवकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा और बजट प्रदान करने की घोषणा का स्वागत किया है परन्तु वेतन विसंगति पर बजट में प्रावधान न करने पर इसे सहायक शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात बताया है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होना निराशाजनक है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ठ विद्यालय खोले जाने का स्वागत करते हैं पर अन्य शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ सुविधाओं व साधनों में पक्षपात न हो इसका भी ध्यान रखा जाना था।

इसके पहले भी आत्मानंद स्कूल खोलकर अन्य शासकीय विद्यालय के बच्चे उपेक्षित रखे गए।अपेक्षा है इस बार ऐसा न हो। जर्जर स्कूलों के लिए नवीन विद्यालय भवन का निर्माण का निर्णय सराहनीय है परंतु सरकार को ये सुनिश्चित भी करना चाहिए कि पूर्व की तरह ये बजट भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। इसी तरह प्रदेश के कर्मचारियों को उम्मीद थी केंद्र के समान दर से समान तिथि से मंहगाई भत्ते की स्वीकृति व भुगतान की स्पष्ट नीति घोषित की जावेगी पर नहीं हुई। आठवें वेतनमान के संबंध में सुनिश्चित प्रक्रिया व कार्यवाही की घोषणा इस बजट में किये जाने की भी उम्मीद थी, परंतु नही हुई, जबकि केंद्र सरकार द्वारा इस पर आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है।

वेतन विसंगति पर मोदी की ग्यारंटी के तहत कोई कदम न उठाया जाना सहायक शिक्षकों के साथ कुठाराघात है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बजट को निराशाजनक बताया है। प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षक सरकार की उपेक्षा का शिकार हुए हैं। बजट को निराशाजनक बताने वालो में प्रांत संरक्षक मनीष कुमार मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे, मंजू देवांगन, मिलन साहू एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

### सागर को संगठन ने दी जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**तिल्दा नेवरा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सागर पंजवानी को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से शहर के युवा वर्ग में खुशी की लहर व्याप्त है उन्हें शुभकामनाएं देने वालों में उनके अभिन्न मित्र अधिवक्ता सृजन सोनी युवा समाजसेवी, पंकज कृपलानी प्रांशु केशरवानी पंकज बालचंदानी प्रियंक सोनी नरेश जोतवानी राकेश कमलानी दीपक चौहितवानी डीकेश वर्मा सर्व समाज संगठन प्रभारी, ऋषभ अग्रवाल, अमर आहूजा राज रोहड़ा शिवम पटेल निखिल जेठवानी दीपक जेठानी, दीपक देवानी बप्पी बंगाली, अजय रूपरेला इत्यादि सहित सैकड़ो लोगों ने बधाइयां प्रेषित की है।

### उपभोक्ता आयोग ने शो-रूम को स्कूटी मरम्मत कराने किया आदेशित

**ब्लौदाबाजार, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ओला इलेक्ट्रानिक बाईक शो -रूम द्वारा स्कूटी को सुधार कर प्रदाय नही किये जाने के कारण उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा शो -रूम को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता के वाहन का मरम्मत कर उसके पूर्ण संतुष्टि में प्रदाय करने आदेशित किया है।संतुष्टिपूर्ण मरम्मत नहीं करने की दशा में वाहन का वर्तमान मूल्य अदा किये जाने आदेश परित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घनेश्वर साहू निवासी बलौदाबाजार द्वारा अक्टूबर 2023 में अनावेदक ओला इलेक्ट्रानिक बाईक शो -रूम लवन रोड बलौदाबाजार से एक स्कूटी ओला इलेक्ट्रानिक, एच.डी.एफसी. बैंक के माध्यम से फायनेंस कराया था। अप्रैल 2024 में उक्त वाहन में स्टार्टिंग समस्या प्रारंभ हुई जिसे शो रूम द्वारा सुधार कर दिया गया उपरांत के दिनांको में पुनः समस्यायें आने लगी एवं अगस्त 2024 को वाहन बंद हो गया। जिसे शो रूम के पास सुधार हेतु दिया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202602095200012**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- धानबाई पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका धानबाई पटेल पति शरदकुमार पटेल जाति मरार सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका अपने पुत्री कु. कामनी पटेल का जन्म दिनांक 14.11.2011 को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रीवांगहन का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 06.03..2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202602095200010**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मुकेश पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश पटेल पिता सोमनाथ जाति मरार सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने पिता सोमनाथ का मृत्यु दिनांक 07.05.2021 को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार, जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रीवांगहन का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 06.03..2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202602095200011**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मुकेश पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश पटेल पिता सोमनाथ जाति मरार सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने पुत्र दिलेश्वर पटेल का जन्म दिनांक 15.02.2013 को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार, जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रीवांगहन का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का प्रमाण पत्रए अंकसूची, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 06.03.2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202602095200009**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मनोज कुमार पडौती,
मनोज कुमार पडौती,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पडौती पिता सुकदेव जाति गोंड सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री हीना पडौत का जन्म दिनांक 12.09.2012 को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार, जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रीवांगहन का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 06.03..2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**WATER RESOURCES DIVISION, RAJNANDGAON (C.G.)**
**CORRIGENDUM**

**System Tender No. 185581** — **NIT No. 19/SAC/2025-26**

Following Corrigendum is issud NIT No 19/SAC/2025-26 date 16.02.2026
Whoes G No is 252606734 Dt 18.02.2026

| Description | Previous Published | Read as |
|---|---|---|
| **1- Bid start date & time** (The date and time from which bidders start preparation/ submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed) | Date 23.02.2026 (Time 17.31) | Date 26.02.2026 (Time 17.31) |
| **2- Bid Due & time** (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted) | Date 09.03.2026 (Time 17.30) | Date 12.03.2026 (Time 17.30) |
| **3- Bid open, start date & time** (The date of opening of Envelope -A&B (online) | Date 10.03.2026 (Time 11.30) | Date 13.03.2026 (Time 11.30) |

All other Terms and condition of NIT will remain unchanged

**Executive Engineer,**
**Water Resource Division, Rajnandgaon**

**G-252606904/4**

**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**Raipur (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**NIT NO:594/NNR/Electrical/RMC/2026** — **RAIPUR DATED: 24.02.2026**

Online bids are invited for the following works in form B up to **17.03.2026** at **17:30** hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Time allowed for completion | SOR Appli-cable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 186173 | नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग कलेक्ट्रेट चौक एवं फुंडहर में स्थापित लिफ्टों का वार्षिक संधारण कार्य वर्ष (2026-27) बाबत् | 11.66 Lacs | 1500.00 | 11660.00.00 | 12 Month | NON SOR |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **24.02.2026 17:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -**

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk** at **Toll Free No. 18002582502** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.
4. Contact no. 7898810000

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**EXECUTIVE ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

# धान खरीदी पर स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य, विपक्ष ने की नारेबाजी

## गर्भगृह में पहुंचे कांग्रेस विधायक स्वमेव निलंबित



**रायपुर, 26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन शून्यकाल में विपक्ष ने धान खरीदी का मुद्दा उठा. नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की नीति को फेल बताते हुए विस्तार से चर्चा के लिए स्थगन का प्रस्ताव दिया. सभापति के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करने पर कांग्रेस विधायक सदन में नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंचे. इसके साथ ही सदस्य सदन से स्वमेव निलंबित हुए.

नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि धान खरीदी के मामले में सरकार की नीति फेल रही है. किसान परेशान होते रहे. पहले दिन से ही किसानों को चोर समझा. किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया. किसानों को टोकन के नाम पर परेशान किया गया. अंग्रेजों के जमाने से भी बुरी स्थिति रही है. इस पर हमने स्थगन प्रस्ताव दिया है. इस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए.

उमेश पटेल ने कहा कि किसानों का कर्ज काफी की जाए. और नहीं तो फिर से किसानों से खरीदी की जाए. संगीता सिन्हा ने कहा कि किसानों को धान का समपर्ण कराने मजबूर किया गया है. बालोद जिले में किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया. राघवेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों को जांजगीर जिले में खरीदी के लिए बहुत परेशान होना. किसान को प्रताड़ित होकर जहर पीना. एक किसान को टॉवर पर चढ़ना पड़ गया. ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर जिले में 93 प्रतिशत किसान का ही धान खरीदा गया. किसानों को प्रताड़ित किया गया. किसानों को अपने हक के लिए लड़ना पड़ा है. उनके लिए एफआईआर हुई. द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि धान और किसान का मुद्दा छत्तीसगढ़ के हित से जुड़ा है. किसान आज भी उम्मीद में है कि फिर से खरीदी होगी. लेकिन किसानों को परेशान करने काम किया गया.

रामकुमार यादव ने कहा कि किसान को समर्पण कराने के लिए मजबूर किया गया. किसानों को डराने के लिए पुलिस को भेजा गया. बालेश्वर साहू ने कहा कि जो किसान धान नहीं बेच पाए हैं उनकी खरीदी होनी चाहिए. किसानों का कर्ज माफी होनी चाहिए. विक्रम मंडावी ने कहा कि किसानों का यह प्रदेश है. बस्तर से लेकर सरगुजा तक किसान परेशान हैं. किसानों के हित में स्थगन पर चर्चा होनी चाहिए.

भोलाराम साहू ने कहा कि धान खरीदी के नाम पर किसानों को प्रताड़ित किया गया. किसानों को डराने और धमकाने का काम किया गया. किसानों की स्थिति बहुत खराब है. लोन लेकर खेती करने वाले किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो गए. अंबिका मरकाम ने कहा कि सिहावा क्षेत्र के किसान परेशान हुए. किसान इस बात दुःखी रहे कि उनका धान नहीं खरीदा गया. कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि पूर्व विधायक को धान बेचने के लिए धरना देना पड़ा है. जनप्रतिनिधियों को, किसानों को परेशान होना पड़ा है. यशोदा वर्मा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ में किसानों को परेशान होना पड़ा है. किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया. एक किसान ने परेशान होकर कलेक्ट्रेट के सामने आत्महत्या की कोशिश की. ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी जिले में भी किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा है. रकबा समर्पण से किसानों की हालत खराब हुई है. किसान कर्ज में डूबे हुए हैं.

हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बहुत से किसान धान नहीं बेच पाए हैं. वंचित किसानों की सुध ली जानी चाहिए. अटल श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आज किसानों को हतोत्साहित करने का काम किया गया. किसान आज कर्जा में है. किसान को धान बेचने के लिए कई तरह से परेशान होना पड़ा है. सरकार किसानों के साथ नहीं है. भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार की मंशा पहले स्पष्ट है कि धान और किसान पर चर्चा नहीं करानी है. छत्तीसगढ़ में आज अधिकारी राज चल रहा है. किसानों के घर में, खलिहान में जबरदस्ती प्रवेश किया गया. धान बेचने के लिए टोकन मांगने पर किसानों के घर अधिकारी भेजे गए. किसानों को चोर समझा गया. यह बेहद गम्भीर मामला है. इस पर चर्चा होनी चाहिए. भूपेश बघेल ने कहा कि मेरे घर पर भी अधिकारी बलात तरीके से घुसे थे. इस मामले में अगर चर्चा नहीं होती तो कम से कम सरकार की ओर से जवाब दिया जाना चाहिए. सभापति ने विपक्ष के स्थगन को अग्राह्य किया. सभापति ने कहा कि बजट सत्र में आय-व्यय पर चर्चा होती है. स्थगन अग्राह्य होने पर विपक्ष ने सदन में की नारेबाजी. गर्भगृह में पहुँचे सदस्य सदन से स्वमेव निलंबित हो गए।

## राज्य की जेलों में एक साल में 66 बंदियों की मौत, 48 मामलों में जांच लंबित

**रायपुर, 26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की केंद्रीय एवं जिला जेलों में जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 तक कुल 66 बंदियों की कस्टोडियल डेथ हुई है। यह जानकारी विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 66 मामलों में से 18 प्रकरणों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच पूरी हो चुकी है, जबकि 48 मामलों में जांच की प्रक्रिया अभी जारी है।

इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान





पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मृतकों के नाम और संबंधित जेलों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने पूछा कि क्या कवर्धा जेल में बंद पंकज साहू की कस्टोडियल डेथ इस सूची में शामिल है? साथ ही जीवन ठाकुर का मामला उठाते हुए कहा कि वे कांकेर जेल में बंद थे, लेकिन उनकी मृत्यु रायपुर में हुई। क्या यह प्रकरण भी 66 मामलों में शामिल है?

इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि पंकज साहू की मृत्यु मांगी गई अवधि से पहले की है, इसलिए वह इस आंकड़े में शामिल नहीं है। वहीं जीवन ठाकुर को कांकेर से न्यायालय की अनुमति के बाद रायपुर लाया गया था।

## एक नजर

### राज्यपाल डेका ने वीर विनायक दामोदर सावरकर को श्रद्धांजलि दी

**रायपुर, 26 फरवरी।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज महान सेनानी, विचारक और क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वीर सावरकर भारत माता के उन वीर सपूतों में से एक हैं जिनकी बौद्धिक क्षमता, क्रांतिकारी उत्साह और भारत के भविष्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता अतुलनीय रही। वीर सावरकर जी महज एक क्रांतिकारी से कहीं अधिक थे, वे एक गहन विचारक थे जिनके बौद्धिक योगदान को देश भूल नहीं सकता।

### मठपुरैना निवासी से लाखों की ठगी

**रायपुर, 26 फरवरी।** महज 25 मिनट में अज्ञात ठग ने बैंक एकाउंट से 1.23 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। मठपुरैना ज्योतिनगर निवासी पुष्पेंद्र साहू ने कल शाम टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी को दोपहर 12.41 से 1.07 बजे के बीच अज्ञात एकाउंट होल्डर ने पुष्पेंद्र के खाते से 4 बार में 1.23 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। कल इसकी भनक लगने पर उसने 318-4 के तहत मामला दर्ज कराया। इसी तरह से पुलिस आरक्षक की पत्नी से साइबर ठगों ने ढाई महीने पहले 1.89 लाख रुपए ठग लिए।9563211900 नंबर के अज्ञात कालर ने 1 दिसंबर को दोपहर महिला को काल कर आनलाइन मार्केटिंग में डबल मुनाफे का झांसा दिया।- घर बैठे फायदे का काम समझ कर महिला झांसे में आकर उसके भेजे लिंक को क्लिक किया और ठग ने रकम ट्रांसफर कर लिया । जब मुनाफा नहीं मिला तो ठगे जाने का अहसास हुआ। यह रकम महिला के एसबीआई और पोस्ट आफिस के खाते से ट्रांसफर किया। सिविल लाइन थाने के पास कालोनी में रहने वाले आरक्षक मुकेश साहू ने आज दोपहर पत्नी के साथ हुई ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### चोरी के आरोप में नाबालिग की बेरहमी से पिटाई, दो आरक्षक निलंबित

**रायपुर,26 फरवरी।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कमल विहार पुलिस सहायता केंद्र में पदस्थ दो आरक्षकों द्वारा मोबाइल चोरी के शक में एक नाबालिग की कथित रूप से बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। नाबालिग के शरीर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिससे परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, कमल विहार पुलिस सहायता केंद्र में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 1211 लक्ष्मी नारायण एवं आरक्षक क्रमांक 2382 आसमान सिंह ने ड्यूटी के दौरान चौकी प्रभारी को बिना सूचित किए दूसरी जगह जाकर एक नाबालिग को मोबाइल चोरी के आरोप में पकड़ा। बताया जाता है कि दोनों आरक्षकों ने पूछताछ के दौरान नाबालिग को बुरी तरह पीटा। पिटाई से नाबालिग के शरीर के अन्य हिस्सों पर स्पष्ट चोट के निशान उभर आए।

### प्रोटीन सप्ताह की शुरुआत

**रायपुर, 26 फरवरी।** अमेजन डॉट इन ने विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर अपने प्रोटीन सप्ताह की शुरुआत करते हुए भारत में वेलनेस क्रांति को नई गति दी है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान ग्राहक देश के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स के व्हे प्रोटीन, प्लांट और यीस्ट-आधारित प्रोटीन, सप्लीमेंट्स, प्रोटीन बार और रेडी-टू-ड्रिंक विकल्पों में शीर्ष उत्पादों पर 45% तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं। चाहे आप प्रोफेशनल एथलीट हों या फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले उत्साही व्यक्ति, अमेजन डॉट इन ने हर तरह के फिटनेस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विशेष चयन तैयार किया है।

### निधन

### सुशील भोले



**रायपुर, 26 फरवरी।** संजय नगर रायपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुशील भोले का निधन हो गया है। उनका अंतिम यात्रा 27 फरवरी को मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया जायेगा।

## ट्रक की टक्कर से पत्रकार घायल



**रायपुर, 26 फरवरी।** राजधानी रायपुर शहर के वरिष्ठ पत्रकार नीलेश शर्मा सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसा रिंग रोड पर पचपेड़ी नाका के पास हुआ। स्कूटी से शैलेन्द्र नगर की ओर जा रहे पत्रकार नीलेश शर्मा को एक बेलगाम ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक ने पहले एक कार और अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में लिया, जिसके चलते यह भीषण दुर्घटना हुई।

हादसे में नीलेश शर्मा के सिर, चेहरे और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उनका एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। गंभीर अवस्था में उन्हें तत्काल रिंग रोड स्थित नवकार अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने सिर में आए घावों पर टांके लगाए और प्राथमिक उपचार शुरू किया। सीटी स्कैन रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक नशे में प्रतीत हो रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक और चालक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रायपुर शहर के एसीपी दीपक मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से घायल पत्रकार के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बेहतर इलाज के लिए नीलेश शर्मा को बाद में राम कृष्ण हॉस्पिटल रेफर किया गया है। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर अस्पताल में पत्रकारों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा हुआ है।

## भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती की अधिसूचना जारी

**रायपुर, 26 फरवरी।** जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए अधिसूचना जारी किया जा चुकी है, जो कि इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती हेतु 17 से 21 वर्ष के 8वी, 10वी एवं 12वी उत्तीर्ण अभ्यर्थी अग्निवीर के पदों के लिए अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते है।

अग्निवीर की भर्ती जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर तकनीकी, सिपाही, ट्रेड्समैन के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 13 फरवरी 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर आवेदन करने के पश्चात् अग्निवीर ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) सीईई देना होगा जो कि 1 से 10 जून 2026 तक होना संभावित है, किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नं. 0771-2965212, 0771-2966214 पर संपर्क किया जा सकता है।

## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 26 फरवरी।** महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें नमन किया।

## अजय चंद्राकर ने घेरा स्वास्थ्य मंत्री को

# मेकाहारा में लावारिस पड़ी है 20 करोड़ की महंगी मशीन

**रायपुर, 26 फरवरी।** विधानसभा में आज पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध मेकाहारा में 20 करोड़ की लागत से लावारिस पड़ी मशीन को लेकर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामलाल जायसवाल को घेरा। स्वास्थ्यमंत्री जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि यह मशीन बिना वित्तीय स्वीकृति के खरीदी की गई थी। इस पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने तंज कसते हुए कहा कि यह मशीन किसके कार्यकाल में खरीदी की गईथी इसको लेकर स्थिति स्पष्ट करने पर सही जानकारी मिल जाएगी।

विस में आज प्रश्नकाल के दौरान भाजपा के अजय चंद्राकर ने अपने ही दल के मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से पूछा की मेकाहारा का सेटअप नेशनल मेडिकल ऑफ कौंसिल की स्टैडर्ड के अनुरूप बना है अथवा आपका निजी सेटअप है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश के सभी मेडिकल कॉलेज एनएम सी के स्टैडर्ड के आधार पर चलते है। मेरा कोई स्टैडर्ड नहीं है। पूरक प्रश्न के माध्यम से अजय चंद्राकर ने 20करोड़ की लागत से दो मशीन खरीदी का मामला उठाया और उन्होंने कहा कि इस मशीन का उपयोग अभी तक नहीं किया गया है यह मशीन अभी तक पड़ी हुई है।

सदन में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि यहां पर जो मशीन का जिक्र माननीय सदस्य कर रहे है वह बिना वित्तीय अनुमति के खरीदी की गई है। इसकी जांच चल रही है। इसलिए इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

प्रश्नकाल के अंतिम समय में पूछे गये प्रश्न में अजय चंद्राकर ने कहा कि 20 करोड़ के मशीन का सही उपयोग होना चाहिए। सभापति धरमलाल कौशिक ने समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। संक्षिप्त एवं सारगर्भित प्रश्न पूछे। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने तंज कसा कि यह मशीन किसके समय पर खरीदी गई। इसे स्पष्ट कर दे तो वास्तविक स्थिति पता चल जाएगा। विपक्ष ने कहा कि प्रश्न कर्ता की ही भूमिका संदिग्ध है।

## छोटे कारोबारियों को मिलेगी आर्थिक मदद




**रायपुर, 26 फरवरी।** भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को आर्थिक मजबूती देने वाली प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी पर्पल फाइनेंस ने अब छत्तीसगढ़ में भी अपने कदम रख दिए हैं। राज्य के छोटे कारोबारियों को व्यापार में नई उड़ान देने के मकसद से कंपनी ने भिलाई और राजनांदगांव में अपनी नई शाखाओं का शानदार आगाज किया है।

इस नए विस्तार के साथ ही पर्पल फाइनेंस की अब सात राज्यों में कुल 46 शाखाएं हो गई है, जो पूरे देश में अपनी मजबूत पहचान बनाने की दिशा में कंपनी का एक बड़ा कदम है। इसका मुख्य उद्देश्य टियर-2 और टियर-3 शहरों के उन छोटे कारोबारियों तक सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से लोन पहुंचाना है, जिन्हें आमतौर पर पारंपरिक बैंकों से आसानी से वित्तीय मदद नहीं मिल पाती। पर्पल फाइनेंस मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स, डेयरी व्यवसाय, किराना स्टोर, रिटेल शॉप और छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर प्रॉपर्टी पर लोन की सुविधा दे रहा है। इसके तहत कारोबारियों को पांच लाख से लेकर तीस लाख रुपये तक का सेक्योर्ड बिजनेस लोन दिया जाता है। सबसे खास बात यह है कि कंपनी के बेहतरीन डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद से ग्राहकों को महज पांच घंटे के भीतर लोन की सैद्धांतिक मंजूरी मिल जाती है। इससे व्यापारियों के कीमती समय की बचत होती है और वे बिना किसी रुकावट के अपने व्यापार का विस्तार कर सकते हैं।

इन नई शाखाओं का उद्घाटन पर्पल फाइनेंस के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अजय कुमार पांडे और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व सीईओ सब्यसाची रथ ने किया। इस मौके पर अजय कुमार पांडे ने बताया कि विदर्भ क्षेत्र और मध्य प्रदेश में अपनी मजबूत पकड़ बनाने के बाद छत्तीसगढ़ आना उनके लिए एक स्वाभाविक कदम था। उन्होंने कहा कि इस राज्य में छोटे उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएं हैं, और इस पहल से कारोबारियों को आसानी से लोन मिल सकेगा जिससे वे अपना व्यापार तेजी से बढ़ा सकेंगे।

वहीं, कंपनी के विस्तार पर बात करते हुए सीईओ सब्यसाची रथ ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक तेजी से उभरता हुआ बाजार है। यहां रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स और छोटे मैन्युफैक्चरर्स का एक बेहद मजबूत ढांचा मौजूद है। उन्होंने भरोसा जताया कि एक डिजिटल रूप से संचालित कंपनी होने के नाते पर्पल फाइनेंस राज्य के इन उभरते कारोबारी समूहों का प्रमुख ग्रोथ पार्टनर बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

# फिल्म सिटी के नाम पर पेड़ काटे जाने के खिलाफ कांग्रेस का चिपको आन्दोलन




**रायपुर, 26 फरवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं रायपुर शहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन रायपुर ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा और पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने चिपको आंदोलन की तर्ज पर पेड़ों से चिपककर और गड्ढों में उतरकर कड़ी नारेबाजी की।

भाजपा सरकार ने पर्यावरण के नाम पर छत्तीसगढ़ को काट-काटकर बर्बाद करने का अभियान चला रखा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि पहले हसदेव अरण्य के लाखों पेड़ काटकर कोयला माफियाओं को सौंप दिए, तमनार जंगल को भी हजारों पेड़ों की बलि चढ़ाई ड्ड अब राजधानी रायपुर विधानसभा क्षेत्र के ठीक नजदीक, माना-तूता जंगल में फिल्म सिटी के नाम पर 1500 से अधिक परिपक्व पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई है। अब तक 200 से ज्यादा पेड़ बिना अनुमति के काटे जा चुके हैं। यह विकास नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की हरियाली, जलवायु और आने वाली पीढ़ियों के साथ खुला विश्वासघात है!

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के जिला अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन ने कहा कि भाजपा सरकार हसदेव और तमनार को काट-काटकर थक गई, अब रायपुर शहर के पास माना-तूता को निगलने की तैयारी है। फिल्म सिटी के नाम पर हरियाली का कत्ल करके कंक्रीट का जंगल खड़ा करना क्या विकास है? हम इस लुटेरे रवैये के खिलाफ लड़ेंगे! इस आंदोलन ने प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर शहर श्री कुमार शंकर मेनन जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण पप्पू राजेंद्र बंजारे पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पंकज शर्मा विनोद तिवारी प्रवीण साहू जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभनपुर विद्याभूषण सोनवानी क्षेत्रीय जनपद सदस्य कृणाल सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष ओम श्रीवास विनोद ठाकुर देवकुमार साहू गौरी पांडे हिरेंद्र देवांगन विजय टंडन सुजीत सिंह चंपालाल देवांगन जनपत सदस्य कृणाल सिन्हा जनपत सदस्य सारिका गोवर्धन साहू गजेंद्र साहू मनीष मानिक गोपाल पाल बासु कुंडू हेमंत पटेल गोपाल बाजपेई महेंद्र गुड्डू सेन गजेंद्र साहू परमानंद साहू तुलेश साहू दीपक देवांगन दानेश साहू पुराणिक साहू देवा साहू मनोज वर्मा लक्की यादव हेमंत पटेल छोटा मानसिंह गिलहरे गंगाधर गिलहरे चंदन साहू प्रकाश बंदे सजमन बाघ आदि उपस्थित रहे।

## विस अध्यक्ष रमन सिंह का कोयंबटूर में हुआ स्लिप डिस्क का ऑपरेशन



**रायपुर, 26 फरवरी।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का कोयंबटूर में स्लिप डिस्क का ऑपरेशन हुआ. डॉक्टर रमन सिंह का आपरेशन सफल रहा. खुद डॉक्टर रमन सिंह ने सोशल मीडिया साइट × पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी. डॉ. रमन सिंह ने पोस्ट कर कहा कि ÷आज तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित हॉस्पिटल में मेरे कमर संबंधी (स्लिप डिस्क) समस्या का ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ है और चिकित्सकों के परामर्श अनुरूप मैं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा हूँ.

आप सभी की मंगलकामनाओं के लिए आभारी हूं. बता दें विस अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह कल 23 फरवरी को बजट प्रस्तुत होने पर विधानसभा में थे. उन्होंने विधानसभा सत्र की कार्यवाहियों का संचालन भी किया था. कल बजट सत्र के संचालन के बाद वह शाम को तमिलनाडु के कोयंबटूर के लिए रवाना हुए. इसके बाद वहां उनका सफल आपरेशन हुआ. ऑपरेशन के बाद चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार वे कुछ समय तक विश्राम में रहेंगे.

विधानसभा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वर्तमान में चल रहे बजट सत्र का संचालन सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं. इस दौरान सत्र संचालन की जिम्मेदारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहे वर्तमान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और विधानसभा उपाध्यक्ष रहें. वर्तमान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह को सौंपी गई है. इनके सहयोग के लिए पैनल ऑफ चेयरमेन का गठन किया गया हैं. जो जरूरत पड़ने पर विधायी कार्यों और सदन की कार्यवाही का संचालन किया जाएगा.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26